तापमान अधिकतम :42°C न्यूनतम: 28°C
सेंसेक्स 82,391.72 निफ्टी 25,104.25
सोना 99,070 चांदी 1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 11 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 301 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़िल्हिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**यार्कशायर के लिए खेलेंगे ऋतुराज गायकवाड़**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# कारगिल: कैप्टन थापर सहित 65 शूरवीरों को मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस की दी जा रही जानकारी

**नई दिल्ली।** सेना ने 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत इस लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के परिजनों को सम्मानित करने की कड़ी में मंगलवार को कैप्टन विजयंत थापर (वीर चक्र) सहित 65 शूरवीरों के परिजनों को उनके घर जाकर सम्मानित किया।

सेना ने बताया है कि कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेना सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के घर-घर जाकर वीर सैनिकों के परिजनों तथा देशवासियों को भारत मां के इन वीर सपूतों के अदम्य साहस और उनके शौर्य की पराकाष्ठा के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही सेना सभी वीर सेनानियों के घर जाकर सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट करके उन्हें सम्मानित कर रही है। सेना के अधिकारियों का एक दल कैप्टन थापर के नोएडा स्थित आवास पर पहुंचा और उनके माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें आभार पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेना के अधिकारी इसके अलावा यहां राजधानी दिल्ली में वीर चक्र से सम्मानित राइफलमैन



अनसुया प्रसाद की पत्नी, जयपुर में हवलदार बस्ती राम की पत्नी , कुरूक्षेत्र में लांस नायक गुरमेल सिंह के माता-पिता, राजस्थान के वैशाली नगर में नायक आनंद सिंह की पत्नी और देहरादून में सेना पदक से सम्मानित हवलदार हरिओम के परिजनों सहित 60 से अधिक योद्धाओं के परिजनों से मिले और उन्हें सम्मानित किया।

# दिल्ली के अपार्टमेंट में आग, कूदने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दमकल की आठ गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है।

आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर लगा 15 हजार हर्जाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने तथ्यों को छिपाकर निगरानी याचिका दाखिल करने पर यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाकर याचिका खारिज कर दी। यह मामला बरेली के एक मकान व इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड का था। न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह फैसला यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल पुनरीक्षण (निगरानी) याचिका पर दिया। इसमें विवादित संपत्तियों के लिए मुतवल्लियों की तैनाती के वक्फ ट्रिब्यूनल के वर्ष 2024 के एक फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था। दरअसल, यह मामला बरेली में 1934 में शुरू हुआ, जिसमें नवाब मोहम्मद हुसैन खां ने अपनी कोठी और वहां स्थित इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड की थी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी बेटी ने वक्फ डीड को चुनौती देकर सिविल जज बरेली की अदालत में दीवानी दावा दाखिल किया। जहां, 1952 में इस वक्फ डीड को शून्य घोषित किया गया।

## सरकार ने नेवार्क हवाई अड्डे पर पकड़े गए भारतीय नागरिक की जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिए जाने की सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर को संज्ञान में ले कर सरकार ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से अमेरिकी प्रशासन से संपर्क कर जानकारी मांगी है। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि एक सोशल मीडिया पोस्ट का संदर्भ का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया गया था। इस पर विदेश मंत्रालय ने औपचारिक रूप से इस मामले को नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के समक्ष उठाया है। वाशिंगटन में हमारा दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास भी विवरण का पता लगाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में रहे हैं।

## योग संगम पोर्टल पर पंजीकरण 50 हजार के पार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के 21 जून को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सेदारी के लिए देश भर से 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि 21 जून सुबह साढ़े छह बजे से पौने आठ बजे तक योग अभ्यास में भाग लेने के लिए 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 11 हजार से अधिक पंजीकरण के साथ राजस्थान सबसे आगे निकल गया है। तेलंगाना में सात हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं, जबकि मध्य प्रदेश में करीब पांच हजार पंजीकरण हुए हैं।

## विदेश मंत्री का दावा: पाक को फिर उसी की भाषा में समझाएंगे

# पाक का तबाह एयरबेस राफेल की दक्षता का सबूत

संघर्ष के मूल कारण यथावत बने हुए हैं , भारत ने दी पाकिस्तान को चेतावनी



**ब्रुसेल्स।** भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद पुन: चेतावनी दी है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी यथावत बने हुए हैं और आगे कभी भी आतंकवादी हमलों से उकसाए जाने पर भारत पाकिस्तान में कहीं भी और किसी भी हद तक हमला करने के लिए तत्पर है।

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान बेल्जियम के समाचारपत्र पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यह (पाकिस्तान) एक ऐसा देश है जो राज्य की नीति के साधन के रूप में आतंकवाद के उपयोग में पूरी तरह से लिप्त है। यही पूरा मुद्दा है। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने युद्ध शुरू होने की परिस्थितियां अभी भी हैं, उन्होंने कहा कि यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का मूल कारण कहते हैं, तो बिल्कुल, यह है। दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के बाद से एक भारतीय अधिकारी द्वारा भारतीय पक्ष को हुए नुकसान के बारे में कुछ टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को इसके विपरीत कहीं अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे पाकिस्तान को शांति के लिए गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा संबंध है, राफेल कितना प्रभावी था या अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं - स्पष्ट रूप से, मेरे लिए प्रसन्नता का सबूत पाकिस्तानी पक्ष में नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। लड़ाई 10 तारीख को एक कारण से और केवल एक कारण से बंद हुई, जो यह था कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर प्रहार किया और उन्हें अक्षम कर दिया।

## आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है: नित्यानंद राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य दुनिया भर में भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है इसलिए इसे निर्णायक रूप से पराजित करना जरूरी है। श्री राय ने मंगलवार को यहां 23वें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति, विकास और मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव है कि आतंकवाद को पूरी तरह से हराने के लिए हमें केवल सैन्य कार्रवाई से ज्यादा की जरूरत है। इसके लिए वैश्विक सहयोग जरूरी है। देशों को एक साथ आना चाहिए, खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और आतंकवादियों के इरादों तथा तंत्र का पर्दाफाश करना चाहिए जिससे कि उनके नेटवर्क को प्रभावी ढंग से खत्म किया जा सके। आतंकवाद की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी एक देश की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है।

## देश में कोरोना मामलों की संख्या सात हजार के करीब

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह तक 6815 पहुंच गई और पिछले 24 घंटों के दौरान इसके संक्रमण से तीन और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 68 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मंगलवार सुबह आठ बजे तक 324 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,815 हो गई और इस बीमारी के संक्रमण से 7644 मरीज स्वस्थ हो गए हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से तीन और मरीजों की जान जाने से मृतकों की संख्या 68 हो गई है। इस अवधि में राष्ट्रीय राजधानी, केरल और झारखंड से एक-एक मरीज की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश में 30 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है।

# 11 साल से रक्षा में बढ़ा आत्मनिर्भरता का ग्राफ: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है: मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और सरकार ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर शीर्ष नेतृत्व की ओर से सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों के सामूहिक संकल्प और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भरता तथा प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता की ओर ले जाने के अटूट दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है।

## राजघाट पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की प्रदर्शनी आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी में राजघाट पर 11 से 15 जून तक एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जिसमें सशक्तिकरण, समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव के साथ सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजघाट पर गांधी दर्शन के बिरसा मुंडा लॉन में 'लोक संवर्धन पर्व' नाम से इस कार्यक्रम की परिकल्पना समावेशी विकास के उत्सव के रूप में की गई है।

# खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह संवैधानिक व्यवस्था है इसलिए इस दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

श्री खड़गे ने कहा कि संविधान में लोकसभा में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है, लेकिन मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है इस संवैधानिक व्यवस्था को नकारा जा रहा है। उनका कहना था कि पिछली दो लोकसभाओं में इस पद को खाली रखा गया है और फिर वही प्रयास किया जा रहा है, जो गलत है इसलिए सरकार को इस दिशा में तत्काल कदम उठाने चाहिए। उन्होंने लिखा कि पहली से 16वीं लोकसभा तक, हर सदन में एक उपाध्यक्ष होता रहा है। मोटे तौर पर, मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से उपाध्यक्ष की नियुक्ति करना एक सुस्थापित परंपरा रही है। हालांकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। 17वीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा 18वीं लोकसभा में भी जारी है।

## मोदी से मिली दिल्ली की मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यहां पीएम मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में दोनों नेताओं की मुलाकात का फोटो साझा किया है और लिखा है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। श्रीमती गुप्ता की प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान क्या बात हुई इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन सूत्रों ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

# डिजिटल नाकाबंदी: मणिपुर में ठप हुआ सामान्य कामकाज

इंफाल, वार्ता

■ ऑनलाइन सेवाएं ठप, बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने की कोशिशें जारी

**मणिपुर में** बार-बार इंटरनेट बंद होने से सरकारी, निजी और व्यापारिक संस्थानों का कामकाज गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में सात जून को एक स्थानीय संगठन के नेता की गिरफ्तारी के बाद इंटरनेट बंद कर दिया गया।

इसके बाद, अनिश्चितकालीन कर्फ्यू और अरम्बाई टेंगोल की ओर से 10 दिन तक इंटरनेट बंद करने की घोषणा की गई। इससे सभी ऑनलाइन सेवाएं ठप हो गई हैं। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन लोग ऑनलाइन रिचार्ज नहीं कर पा रहे। मणिपुर में अधिकतर घरों और दफ्तरों में प्रीपेड बिजली कनेक्शन हैं, जो रिचार्ज खत्म होते ही कट जाते हैं। इम्फाल के केशमपट में मणिपुर राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसपीडीसीएल) का एकमात्र रिचार्ज काउंटर है। इंटरनेट बंद होने से ऑनलाइन रिचार्ज संभव नहीं है। इसके अलावा, बैंकों में जरूरत के मुताबिक नकदी नहीं मिल रही, सिर्फ 500 रुपये के नोट मिल रहे हैं। एटीएम भी ठीक से काम नहीं कर रहे, जिससे बाजार में नकदी की भारी कमी हो गई है। एमएसपीडीसीएल के प्रीपेड बिजली रिचार्ज काउंटर पर लंबी कतारें लगी हैं। यहां के एक उपभोक्ता ने बताया कि काउंटर तक पहुंचने में दो घंटे लग रहे हैं।

# यूपी में बदलेगा मौसम, गरजेंगे बदरा

■ अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, वहीं 12 जून से पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं आंधी और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम का बदला मिजाज 16 जून तक जारी करने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वर्षा के चलते गर्मी से फौरी राहत मिलने की आशा है। विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में झांसी और आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इस दौरान लू और उमस भरी गर्मी लोगों को झुलसाती रही। गर्मी और लू के चलते राज्य के अधिकतर इलाकों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है, जिससे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी के मार्केटिंग हेड को राहत नहीं

बेंगलुरु, वार्ता

■ कर्नाटक हाईकोर्ट ने 11 जून तक फैसला सुरक्षित रखा

**बेंगलुरु भगदड़** मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने 11 जून तक आदेश सुरक्षित रखा है। चार जून को बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने सोसले की याचिका पर अपना आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा। सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा ने छह जून को गिरफ्तार किया था। सोसले ने अपनी याचिका में छह जून को सुबह उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है। वहीं, इससे पहले बेंगलुरु भगदड़ के बाद विवादों में घिरे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की ओर से बड़ी जानकारी आई थी। जानकारी के मुताबिक, ए. शंकर और ईएस जयराम ने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरसीबी के आईपीएल ट्राफी समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी बेंगलुरु भगदड़ मामले में फंसते दिखाई पड़े। सामाजिक कार्यकर्ता एचएम वेंकटेश ने कोहली को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरसीबी ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। यह इस फ्रेंचाइजी का पहला आईपीएल खिताब था, जिसके बाद बेंगलुरु में जश्न मनाने का फैसला किया गया था। बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने मुआवजे की राशि को बढ़ाने का ऐलान किया था। कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपया मुआवजे के रूप में देने की घोषणा की। पहले यह रकम 10 लाख थी।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछे नौ सवाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बेंगलुरु भगदड़ मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में हुई गिरफ्तारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से नौ सवाल पूछे हैं।

अदालत ने जवाबदेही पर जोर दिया और घटना तथा उसके बाद की स्थिति से निपटने में सरकार के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए। मालूम हो कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 में खिताबी जीत के बाद आरसीबी के जीत के जश्न में भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक घायल हुए थे। सरकार की कार्रवाई का ब्यौरा मांगते हुए हाईकोर्ट ने कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे महाधिवक्ता (एजी) से स्पष्टीकरण के लिए कई तीखे सवाल पूछे। अदालत को बताया गया कि भगदड़ की जांच सीआईडी को सौंप दी गई है। हालांकि, बेंगलुरु सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने गिरफ्तारियां की हैं और कब्बन पार्क पुलिस द्वारा आरोपियों को पेश किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने राज्य से नौ प्रमुख प्रश्न पूछे कहा कि विजय उत्सव मनाने का निर्णय कब और किसने लिया तथा इसे किस तरीके से आयोजित करना था, यातायात को विनियमित करने के लिए क्या कदम उठाए गए, प्रशंसक/भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए, आयोजन स्थल पर क्या चिकित्सा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, क्या समारोह के समय उपस्थित होने वाले लोगों की संख्या के बारे में पहले से कोई आकलन किया गया था, क्या घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दी गई? यदि नहीं, तो क्यों, घायलों को अस्पताल पहुंचाने में कितना समय लगा, क्या किसी खेल आयोजन या इस प्रकार के उत्सव में 50000 या उससे अधिक की भीड़ के प्रबंधन के लिए कोई एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार की गई थी,क्या कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई अनुमति ली गई थी?। राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है तथा उम्मीद है कि वह अपना जवाब सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करेगा।

## सीतारमण ने FSDC की बैठक में की अर्थव्यवस्था की समीक्षा

**मुंबई।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर बैठक का फोटो जारी करते हुए कहा कि श्रीमती सीतारमण की अध्यक्षता में एफएसडीसी की इस 29वीं बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा, सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडे, वित्त सचिव एवं आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव के साथ ही सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# डंपर की चपेट में आकर बच्ची की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** तीव्र गति से आ रहे डंपर की चपेट में आकर मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। डंपर चालक मौके से डंफर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार की शाम करीब पांच बजे बच्ची के परिजन बच्ची को गोद में लेकर दरियापुर ब्लड बैंक के सामने से जा रहे थे। तभी तीव्र गति से आ रहे डंपर ने बच्ची के पिता के जोरदार टक्कर मार दी। बच्ची पिता की गोद से गिरकर डंफर के नीचे आ गई। जिससे मौके पर ही पांच वर्षीय मासूम बच्ची दिग्याशा की दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची के पिता सहदेव, माता अर्चना देवी व मामा राहुल हरिद्वार से गंगा स्नान करके आते हुए नजीबाबाद उतर गए। दरियापुर ब्लड बैंक के समीप बच्ची को गोद में लेकर खड़े थे तथा सयालीपुर कोटला जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। तभी तीव्र गति से आ रहे डंपर ने बच्ची के पिता सहदेव के टक्कर मार दी, जिससे बच्ची पिता की गोद से गिरकर ट्रक के नीचे आ गई। बच्ची की दर्दनाक मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गई। ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर जाम खुलवाया। समाचार लिखे जाने तक परिजन रोते बिलखते मौके पर मौजूद थे।

# विवाहिता ने पूर्व प्रेमी पर लगाए गंभीर आरोप

## तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** विवाह उपरान्त एक युवती के पूर्व में प्रेमी द्वारा उसके पति को प्रेम कहानी बताकर तलाक दिलवाने व अपने जाल में फंसाकर प्रेम विवाह का लालच देकर अवैध रूप से शारीरिक सम्बन्ध बनाने को लेकर युवती ने पुलिस को तहरीर देकर अपने प्रेमी के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व ग्राम के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परन्तु धोखा देकर उसका प्रेमी विदेश चला गया। उसके बाद उसने अतीत के गुजरे हुए एक-एक पल को भूल कर नई जिंदगी जीने का संकल्प लें लिया और उसके मां-बाप ने उसका विवाह दूसरे युवक के साथ एक मई, 2025 को कर दिया। उसको मालूम नहीं था कि वह जिस नई जिन्दगी की शुरुआत करने जा रही है उनका पूर्व प्रेमी उसके पति से मिलकर सारी प्रेम प्रसंग की कहानी पति को बता कर उसकी जिन्दगी में जहर घोल देगा। उसके पति ने विवाह के एक माह बाद ही उसको तलाक दे दिया। पीड़िता ने बताया कि अपने विवाह से पूर्व भी उसके द्वारा कई बार थाने में उपरोक्त आरोपी की शिकायत दर्ज करा दी थी। परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। शारीरिक शोषण कर जीवन पूर्ण रूप से बर्बाद कर दिया गया। युवती ने अपने प्रेमी पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# आवारा सांड के हमले से किसान घायल

## हमलावर सांड को पकड़वाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सुबह खेत पर काम कर रहे वृद्ध किसान को आवारा सांड ने जमीन पर पटककर घायल कर दिया।



क्षेत्र के ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर के निवासी किसान भोपाल सिंह ( 65 वर्ष ) आज सुबह अपने खेत पर काम कर रहे थे। गांव में कुछ दिनों से दिखाई दे रहा आवारा सांड उनके गन्ने के खेत में घुसकर फसल खाने लगा। उन्होंने सांड को भगाने का प्रयास किया, तो उसने किसान भोपाल सिंह पर हमला कर दिया। सांड ने वृद्ध किसान को दो-तीन बार जमीन पर पटक दिया तथा उनके सीने में सींग मार दिया। खेतों में काम कर रहे व्यक्तियों ने इकट्ठे होकर सांड को भगाया और किसान की जान बचाई। ग्रामीणों ने प्रशासन से हमलावर सांड को पकड़वाये जाने की मांग की है।

# धामपुर कोतवाली का निरीक्षण

## डीआईजी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज ने अपने बिजनौर जनपद के दूसरे दिन के दौरे के अंतर्गत कोतवाली धामपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कोतवाली परिसर का भ्रमण किया और शस्त्रागार, बंदीगृह, ऑफिस कक्ष और रजिस्टर आदि की गहन जांच की। उन्होंने रिकॉर्ड के रख-रखाव, शस्त्रों की स्थिति एवं उनके संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीआईजी मुनिराज ने मीडिया से बात करते हुए विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं पर चर्चा की और आने वाले त्योहारों को लेकर पुलिस को सतर्क रहने और प्रभावी गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी मुनिराज ने पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और समर्पण भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान समेत कोतवाली धामपुर के समस्त पुलिसकर्मी एवं दरोगा मौजूद रहे।

# संविलियन विद्यालय में समर कैंप का समापन

## गर्मी में होने वाले रोग तथा उनसे बचाव के तरीके बताए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तर प्रदेश शासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी संदर्भ में उग्रसेनपुर उर्फ लाल वाला संविलियन विद्यालय में मंगलवार को समर कैंप का समापन किया गया।

शासन द्वारा घोषित कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर समर कैंप का आयोजन किया जाना था। इस संदर्भ के अंतर्गत विकासखंड कोतवाली के संविलियन विद्यालय उग्रसेनपुर उर्फ लालवाला में 21 मई को समर कैंप का आयोजन किया गया तथा मंगलवार 10 जून को विधिवत इस कैंप का समापन किया गया।

कैंप में विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को गर्मी में होने वाले रोगों तथा उनसे बचाव के तरीके प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा बताये एवं समझाये गए। इस दौरान मच्छरों से बचाव के तरीके, गंदे पानी से बचाव तथा स्वच्छ पानी के संरक्षण के बारे में बताया गया। उन्हें बताया गया कि जल ही जीवन है। जल के बिना मनुष्य का जीवन कुछ भी नहीं है तथा सभी लोग अपने गांव में स्वच्छता एवं साफ सफाई का ध्यान रखें।

इस कैंप में मुख्य अध्यापक मधुसूदन कुमार, सहायक अध्यापक संदीप कुमार, अनुदेशक अनुज कुमारी, एसएमसी अध्यक्ष सुशीला कुमारी तथा ग्रामीण बच्चों के अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

# चिलचिलाती धूप में पत्रकार ने पिलाया शरबत



## भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी में पत्रकार एस. भारती के परिवार की ओर से ठंडे व मीठे शर्बत का छबील लगाया गया, जिसमें राहगीरों को शर्बत पिलाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को बाजार स्थित मुख्य चौराहे पर छबील लगाया गया। जिसमें एस भारती व उनके परिजनों ने राहगीरों को रोक रोक कर मीठा व ठंडा शरबत पिलाया, जिससे राहगीरों ने राहत महसूस की। बता दें कि इस परिवार कि ओर से प्रति वर्ष गर्मियों में इस तरह का छबील लगाया जाता है।

## एक नजर

### चिंतन शिविर का दूसरा दिन



**नजीबाबाद।** हरिद्वार में चल रहे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आज दूसरा दिन है। यह जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नजीबाबाद ब्लॉक उपाध्यक्ष गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू ने बताया कि हर साल गर्मियों में हरिद्वार में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर का प्रारंभ नौ जून को हुआ। उन्होंने बताया कि 11 जून को चिंतन शिविर का आखिरी दिन होगा। इस चिंतन शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

### छबील लगाकर शरबत पिलाया



**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर हनुमान धाम मंदिर पर चिलचिलाती गर्मी से राहत दिलाने के लिए छबील लगाकर शरबत बांटा गया। कोतवाली देहात मार्ग पर मंगलवार को हनुमान धाम मंदिर पर राहगीरों को चिलचिलाती गर्मी से राहत दिलाने के लिए एड. अवनीश कुमार आदि की ओर से छबील लगाया गया। छबील लगाकर आने जाने वाले लोगों को शरबत पिलाया गया। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से राहगीर परेशान है। समाजसेवी आदि संगठन के लोग जगह-जगह पर छबील लगाकर शरबत बांट रहे हैं।

### कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप का समापन



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में गत 21 दिनों से चल रहा समर कैंप अपने अंतिम दिवस पर भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस कैंप में विद्यार्थियों ने योगा, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक प्रतियोगिताओं तथा कला-कौशल की विविध गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह में स्कूल प्रबंधक शलभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्या रेखा देवी एवं शिक्षिकाएं तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनकी मेहनत की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रधानाचार्या रेखा देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और वे आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सदस्य एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने समर कैंप के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। छात्राओं में नौशीन, गौरी, अकांक्षा, अल्फिया, अनन्या, रिया और तनु नने आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं में जॉली प्रतीक्षा प्रभुता लक्ष्मी विनीता सुषमा शर्मा अंजलि गीतम सिंह लाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

### श्री श्याम अमृत महोत्सव 15 जून को

**नहटौर।** आगामी 15 जून रविवार को नगर के मौहल्ला छापेग्रान में श्री श्याम लखदातार दीवाना मंडल नहटौर द्वारा श्री श्याम अमृत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 10 बजे हल्दौर चौराहे से बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सौरभ सैनी, बंटी सैनी व नीशू सैनी ने बताया कि रात्रि में श्री श्याम लखदातार दीवाना मंडल की ओर से आयोजित श्री श्याम अमृत महोत्सव में दिल्ली पालम की प्रिया व प्राची (सिस्टर्स), मुरादाबाद के अंकित अंजाना तथा लाडला खाटू वाले का पं. विकास वशिष्ठ बाबा खाटू श्याम का गुणगान करेंगे। महोत्सव में प्रेम सांवरिया फ्रैंड्स म्यूजिकल ग्रुप रामपुर का म्यूजिक सिस्टम रहेगा। उन्होंने अधिक से अधिक श्याम भक्तों से बाबा के अमृत महोत्सव तथा निशान यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

# यूपी के 28 हजार चौराहों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 2000 रुपए की धनराशि खर्च कर 28,830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है। इसके अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों को पूरा किया गया है। वहीं, प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है जिससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही, 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की तैयारी है। इन सभी कार्यों के जरिए प्रदेश में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने और यातायात सुधार की प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी। विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपए की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887-88 किमी की लम्बाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर लिया गया है।

# निजीकरण का टेंडर होते ही करेंगे हड़ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

कोऑर्डिनेशन कमिटी के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 02 जुलाई को पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उप्र में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आगामी 09 जुलाई को देशभर के तमाम बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के शर्मा, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी ए सेकीजार, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के ए के जैन ,यशपाल शर्मा और सत्यपाल मुख्यतया उपस्थित थे। लखनऊ में आगामी 22 जून को किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की हो रही महापंचायत में कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। 22 जून की महापंचायत बिजली के निजीकरण के विरोध में निर्णायक जन आंदोलन का फैसला लिया।

## निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में 43454 करोड़ खर्च कर सिस्टम में व्यापक बदलाव के जरिये 42 जिलों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानो को बेचने की साजिश की जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति शिकायती प्रस्ताव भेज कर कहा कि इसमें केंद्र का धन भी शामिल है जिसके कुछ नौकरशाहों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मामला जहां पर सरकारी धन का उपयोग करके निजी घरानो को उपकृत करने की साजिश चल रही है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एक साक्ष्य आधारित प्रस्ताव राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए इस भ्रष्टाचार से पर्दा उठाने के लिए सीधे सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है और कहां गया है इसमें ऊर्जा सेक्टर के कुछ नौकरशाह की भूमिका संदिग्ध है। श्री वर्मा ने कहा कि आरडीएसएस योजना में बिजली कंपनियों पर जो लगभग 43454 करोड़ खर्च हो रहा है उसका ज्यादातर भाग भारत सरकार के खजाने से आ रहा है इसलिए इस पर भ्रष्टाचार के मामले में सीधे भारत सरकार सीबीआई की जांच करा सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला नौकर का शव

## परिजनों में मचा कोहराम


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़/रेहड़।** थाना रेहड़ क्षेत्र के गांव नेशनल हाईवे स्थित एक गांव में सड़क किनारे खादी बिक्री भंडार की अर्धनिर्मित तीसरी मंजिल पर संग्दिध परिस्थितियों में नौकर का शव रस्सी के फंदे में लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़ पड़े। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर स्थिति को संभाला तथा जांच शुरू कर दी।



प्राप्त समाचार के अनुसार काशीपुर हरिद्वार नेशनल हाईवे पर वादीगढ़ चौराहा के समीप थाना रेहड़ क्षेत्र के गांव राजनगर रोड किनारे स्थित खादी बिक्री भण्डार है। जिसका संचालन नूतन ग्राम विकास समिति कासमपुर गढ़ी द्वारा किया जाता है। उक्त खादी बिक्री भंडार पर थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचन्द निवासी मौहम्मद नौमान (21 वर्ष) पुत्र इसरार अहमद लगभग तीन वर्षों से नौकरी करता था। मंगलवार की शाम मौहम्मद नौमान का शव संग्दिध परिस्थितियों में बिल्डिंग की तीसरी अर्ध निर्मित मंजिल के कॉलम में रस्सी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विकास कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए परिजनों को सूचना दी। परिजनों में कोहराम मच गया तथा भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की और दौड़ पड़े। पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ राजेश कुमार सोलंकी व फॉरेंसिक टीम बिजनौर ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से घटना का जायजा लिया। खादी बिक्री भण्डार के संचालक अरविंद कुमार के पुत्र कुनाल सिंह ने बताया कि उसके पिता खादी बिक्री भण्डार के कार्य से मेरठ गए हुए हैं। मौहम्मद नौमान दोपहर दो बजे तक संस्थान पर मौजूद बताया गया। जबकि कुनाल ने परिजनों को 6:30 बजे शाम सूचना दी।

उधर मृतक के पिता इसरार अहमद ने बताया कि उनके बेटे की हत्या कर लटकाया गया है। क्योंकि मौहम्मद नौमान की ना कोई किसी से दुश्मनी थी न ही प्रेम प्रसंग का कोई मामला था। वह तो बहुत खुश मिजाज जिन्दा दिल युवक था। अब देखना यह है कि रेहड़ पुलिस संग्दिध घटना



का पर्दाफाश करती है या मामला आत्महत्या में दर्ज करती है।

# शेख शाहनवाज ने ईद पर जीता अवाम का दिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वैसे तो नगीना नगर पालिका प्रशासन के द्वारा आम दिनों में भी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता है और इसी का परिणाम है कि रिकार्ड वोटों से ताहिरा बेगम लगातार चेयरपर्सन का चुनाव फतह करती चली आ रही है। उनकी इस कामयाबी के असली हीरो चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील सभी जाति एवं सम्प्रदाय के नागरिकों की भावनाओं का पूरा ख्याल रखते है। कांवड़ यात्रा के मौके पर उनके द्वारा कांवड़तियों की सेवा के लिए शिविर लगाए जाते है और उनके लिए दूध एवं मालिश की व्यवस्था की जाती है। शेर ए नगीना के नाम से मशहूर रहे पूर्व चेयरमैन मरहूम शेख खलीलुर्रहमान के द्वारा अपने कार्यकाल में इसकी शुरूआत कराई गई थी। जिसकी हर कोई तारीफ करता है। चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील इसी परम्परा को आगे बढ़ा रहे है। उनके द्वारा दीपावली, दशहरा, होली



## जलापूर्ति एवं सफाई की विशेष व्यवस्था की सराहना

एवं ईद उल फितर सहित अन्य त्यौहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों पर सफाई तथा जलापूर्ति की विशेष व्यवस्था की जाती है।

इसी क्रम में ईद उल अजहा के मौके पर भी चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील के द्वारा सफाई एवं जलापूर्ति की बेहतरीन व्यवस्था कराई गई। ईद उल जहा के मौके पर तीनों दिन सफाई कर्मचारियों ने नगर के सभी मौहल्लों एवं गलियों में पहुंच कर कुर्बानी के पशुओं के अवशेषों को एकत्र कर उनका निस्तारण किया। जिसकी वजह से नगर में कहीं भी गंदगी नहीं फैली। ईदगाह सहित अन्य धार्मिक स्थलों के पास सफाई का माकूल इंतजाम रखा गया। नगर में जलापूर्ति भी लगातार जारी रखी गई। ट्यूबवैलों को लगातार चलाने के निर्देश दिए गए थे। पथ प्रकाश व्यवस्था भी दुरुस्त रखी गई। पालिका कर्मचारियों को हिदायत दी गई थी कि व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसका असर साफ दिखाई दिया। नदीम अहमद, तालिब अंसारी, फिरासत हुसैन, नसीम अंसारी, फिरोज अहमद, यासीन अंसारी, मुसतकीम मुल्तानी, सलीम मुल्तानी, अदनान मंसूरी आदि का कहना है कि ईद उल अजहा के मौके पर नगर पालिका के द्वारा बेहतरीन व्यवस्था की गई थी। बेइंतहा गर्मी के बावजूद पालिका के कर्मचारी लगातार ड्यूटी करते रहे। इनका कहना है कि मरहूम पूर्व चेयरमैन शेख खलीलुर्रहमान का परिवार अवाम की हमेशा से ईमानदारी के साथ खिदमत कर रहा है। चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने अवाम का दिल जीत लिया है।

# अंधाधुंध दौड़ रहे खनन के ओवरलोड डंपर

## कार्रवाई को लेकर डीएम से मिला भाकियू लोकशक्ति का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से जिलाधिकारी जसजीत कौर को अवगत कराया ।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि कोटद्वार से नगीना जाने वाले मार्ग पर दिन रात खनन के ओवरलोड डंफर अंधाधुंध तीव्र गति से दौड़ रहे हैं। जिससे आएदिन दुर्घटना होती रहती है और किसी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में इन डंफरों पर लगाम लगाकर उचित कार्यवाही करें।

संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह ने बताया कि बीते दिनों ग्राम लख्खीवाला में एक ओवरस्पीड डंफर ने एक गाय को कुचल कर मार दिया था और ड्राइवर डंफर लेकर मौके से फरार हो गया था। डंफर पर नम्बर प्लेट न होने के कारण डंफर की पहचान




नहीं हो सकी थी।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों द्वारा कई बार सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से ग्रामीणों को डरा धमका कर डंफरों को चलाया जाता है। ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। सड़क पर चलने वाले स्कूली बच्चे तक तमाम परेशानियों का सामना कर रहे हैं। तीव्र गति से दौड़ रहे डंफरों में से तमाम रेत पत्थर सड़क पर गिरते रहते हैं। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर शीघ्र उचित कार्यवाही करने की मांग उठायी। जिलाधिकारी ने शीघ्र जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने शासन प्रशासन को चेताया की अगर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन के बैनर तले एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह, जिला सचिव नरेश नेता, हरदीप सिंह, जिला संगठन मंत्री शहाबुद्दीन अहमद, बलदेव सिंह, गुरुपेज सिंह, निहाल सिंह, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से जीना दुश्वार

## विद्युतापूर्ति न होने से बिलबिला रहे नागरिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** भीषण गर्मी मे ट्रांसफार्मर फुंकने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। विद्युत विभाग का कोई कर्मचारी या अधिकारी फोन रिसीव करने को तैयार नहीं है। विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है, जिससे ग्रामीणों मे तीव्र रोष व्याप्त है।

ग्राम कासमपुर गढ़ी के मौहल्ला जामा मस्जिद का लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर बार बार फुंक जाता है। ग्रामीण मौ. जुनैद, अनीस अहमद, नौशाद अहमद, धनश्याम सिंह, जावेद, खादिम आदि का कहना है कि उन्होंने 100 केवी के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 250 केवी के ट्रांसफार्मर की मांग विद्युत विभाग से काफी दिनों से कर रखी। क्योंकि 100 केवी का ट्रांसफार्मर अधिक लोड होने के कारण बार बार फुंक जाता है। लेकिन कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। आज सुबह सवेरे से कासमपुर गढ़ी जामा मस्जिद का ट्रांसफार्मर फुंका हुआ है। लाइन मैन या कोई अधिकारी फोन रिसीव तक नहीं कर रहा है। विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। भीषण गर्मी से बच्चे बूढ़े और जवान सभी परेशान हैं।

उधर जेई संजय कुमार ने ट्रांसफार्मर फुंकने की बात स्वीकार करते हुए ठीक कराने की बात की है। अब देखना है कि इस भीषण गर्मी में विद्युत विभाग कितना जल्दी लोगों की समस्या को दूर करता है।

# विनय प्रकाश लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** देश की सेवा करने की लगन मन में रखने वाला सिटी (पीजी) कॉलेज नगीना के रहे छात्र ने अपनी लगन से सीडीएस के माध्यम से लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्ति हासिल की। जिसके लिए विद्यालय संस्थापक व अन्य समिति सदस्यों ने विद्यालय में छात्र का स्वागत किया।

सिटी पीजी कॉलेज नगीना के संस्थापक फहीमुद्दीन अंसारी एवं नाजिर अनवर एड. ने बताया कि विनय प्रकाश पुत्र सत्य प्रकाश मौहल्ला क्षत्रिय नगर नगीना निवासी ने वर्ष 2023 में सिटी डिग्री कॉलेज नगीना से विज्ञान विषय में स्नातक की उपाधि हासिल की थी। विनय प्रकाश को प्रारम्भ से ही आर्मी में ज्वाइन होकर देश की सेवा करने की लगन थी। विनय प्रकाश ने अपनी लगन से सीडीएस के माध्यम से लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्ति हासिल की है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व में भी कॉलेज के छात्रों में से ही अरशद मलिक का यू.पी. पुलिस में सब इन्स्पेक्टर के पद पर, फरमान अहमद एवं सरताज अहमद आदि का अग्निशमन में कांस्टेबल के पद पर चयन हो चुका है। प्रबन्धन कमेटी ने बताया कि सिटी पीजी कॉलेज नगीना की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी तभी से शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के कारण कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का चयन अनेकों विभागों जैसे यूपी पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, केंद्रीय मन्त्रालयों, भारतीय रेलवे आदि कई महत्वपूर्ण विभागों में हो चुका है। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक फहीमुद्दीन अंसारी एवं नाजिर अनवर एड., प्राचार्य पवनदीप राणा ने विनय प्रकाश को मिठाई खिलाकर बधाई।

# पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## राहगीरों को आवागमन में उठानी पड़ती है समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन ने नगर में बढ़ते हुए अतिक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए आज एजेंसी चौराहे से लेकर पीर की चुंगी तक पहले दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की। इसी दौरान कई गृह स्वामियों के अतिक्रमण के दौरान सामानों को उठाकर अपने कब्जे में लिया तथा अनावश्यक अतिक्रमण को तोड़ने के निर्देश दिए।




प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के चौराहों पर अतिक्रमण में ताबड़तोड़ वृद्धि होने के कारण राहगीरों को बढ़ते हुए वाहनों की संख्या के तहत उन्हें आवागमन में बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही समस्या के चलते मुख्य बाजार की स्थिति भी इसी प्रकार है। मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान बाहर निकालने के कारण नागरिकों को आवागमन में बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ता है। ई रिक्शा के चलते बाजार में कई बार जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस समस्या को नागरिकों ने समस्या के समाधान हेतु उच्च अधिकारियों से अवगत कराकर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की साथ ही इस समस्या के चलते मंगलवार को अधिशासी अधिकारी ओम गिरी व पुलिस की संयुक्त टीम ने एजेंसी चौराहे से लेकर पीर की चुंगी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसी दौरान कई लोगों के अनावश्यक रूप से रखे हुए सामान को पालिकाकर्मियों ने जप्त किया। एंजसी चौराहे पर अनावश्यक रूप से टीन शेड को उतरवा कर अपने कब्जे में लिया। मौहल्ला जोशियान में कई दुकानदारों व गृह स्वामियों को कर रखे अतिक्रमण को स्वत: ही हटाने के निर्देश दिए, न हटाने पर अधिशासी अधिकारी ने कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। इस कार्रवाई से नगर में व्यापारियों में हड़कंप मच गया। साथ ही कुछ व्यापारियों ने अपना सामान स्वतं ही हटा लिया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत कर दी गई है। साथ ही अभियान अतिक्रमण से मुक्त करके अभियान को बंद किया जाएगा। फिलहाल अभियान जारी रहेगा। विशेष शर्मा, गौरव त्यागी, सलीम अहमद, साबेश, गजेंद्र, कपिल, राजेश, अतुल कुमार, नरेंद्र सूद, रमेश शर्मा आदि पालिकाकर्मी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाइक सवार पर गुलदार का हमला

**बिजनौर।** थाना क्षेत्र के तितरवाला निवासी कार्तिक पुत्र महेन्द्र मंडावर में नाई की दुकान पर काम करता है। कल सोमवार की शाम वह अपने ग्राम के ही पंकज कुमार के साथ उसकी बाइक पर पीछे बैठे हुए अपने घर आ रहा था। तभी ग्राम के सामने गोरी शंकर मंदिर के पास एक गुलदार ने उसके पैर पर झपटा मार दिया। उन्होंने तुरंत शोर मचा दिया लेकिन शोर की आवाज सुनकर गुलदार गन्ने के खेत में चला गया। परिजनों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वहीं सोमवार की देर शाम ग्राम बादशाहपुर निवासी मनोज कुमार राणा और पड़ोस का ही वेदपाल सिंह अपने नलकूपों से खेतों की सिंचाई कर रहे थे। जिसमें उन्हें एक गुलदार दिखाई दिया। उन्होंने भी भागकर अपनी जान बचाई और ग्राम के लोगों को फोन कर वहा बुलाया। लेकिन तब तक गुलदार वहां से भाग गया था। वही जब इस बारे में वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि टीम माचकी तीतरवाला की ओर गयी है। बादशाहपुर भी टीम को भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर पिंजरा भी लगाया जाएगा। सभी लोगों से निवेदन है कि सावधानी बरतने की जरूरत है। खेतों में रात्रि में अकेले सिंचाई एवं अन्य कार्य न करें। जागरूक और सुरक्षित रहे।

### समर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन



**नगीना।** संविलियन विद्यालय सैदपुरी महीचंद, वि.क्षे. कोतवाली बिजनौर में आज समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका निर्देशन कु. मोनिका राजपूत और मुकेश कुमार इंचार्ज हेडमास्टर ने किया। इस कैंप में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें योग, शतरंज, कंप्यूटर, मैथेमेटिक्स, क्राफ्ट, पेंटिंग, नृत्य, ईको क्लब्स और पर्यावरण संरक्षण शामिल थे। समर कैंप के मध्य आए विशेष सचिव उत्तर प्रदेश सरकार ने भी बच्चों और स्कूल की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल को इंटर तक करवाने का आग्रह किया और तारे देखने के लिए दूरबीन के लिए निवेदन किया। बच्चों को सचिव एवं डीसी ने पूरा करने के लिए आश्वासन दिया। इसके पश्चात समर कैंप में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की और स्कूल में नियमित रूप से समर कैंप आयोजित करने की मंशा व्यक्त की। दीपू चौहान और उनकी पत्नी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रदर्शन के लिए मेडल देकर सम्मानित किया। समर कैंप का समापन सूक्ष्म जलपान के साथ हुआ। इस अवसर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी प्रतिभाओं को उजागर करने के महत्व पर चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# संत कबीर दास का भावपूर्ण स्मरण किया

**कोतवाली देहात।** संत कबीर दास की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर कबीर के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया गया ।

ग्राम शादीपुर में विवेक पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि कबीर दास निर्गुण भक्ति धारा के महान संत हुए। उन्होंने ढोंग आडंबर के विरुद्ध जमकर प्रहार किए। उन्होंने सदैव इंसानियत को सर्वोच्च बताया। कबीर दास यद्यपि पढ़े-लिखे नहीं थे, फिर भी उन्हें आत्मिक ज्ञान था। उन्होंने जीवन पर्यंत बुनकर का काम किया और सदैव अपने काम में संतुष्ट रहें। कबीर दास की वाणी को साखी, सबद और रमैनी में संकलित किया गया है। आज के समय में कबीर दास के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है। कबीर दास के दोहे आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम में कबीर के दोहों का वाचन किया गया। कार्यक्रम में भोगेंद्र सिंह, बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र लम्बा, मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी से पशु-पक्षी भी परेशान

## छतों पर टंकियों में डूबकियां लगा रहे बंदर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी से इंसानों के साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षी भी परेशान हैं। शरारती बंदर तो घरों की छतों पर रखी पानी की टंकियों के ढक्कन खोल कर उनमें डूबकियां लगा रहे है।

गौरतलब है कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी ने पिछले साल का रिकार्ड भी तोड़ रखा है। हालत यह है कि सुबह आठ बजे से ही गर्मी, रूलाने लगती है। दोपहर होते-होते हालत इतनी ज्यादा खराब हो जाती है कि घरों एवं प्रतिष्ठानों के बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि पंखों एवं कूलरों से भी राहत नहीं मिल पा रही है। प्रथम तल पर मौजूद घर एवं प्रतिष्ठान तो जरूर थोड़ा ठंडे रहते है। मगर घर व प्रतिष्ठान भट्टी की तरह तप रहे है।

उधर भीषण गर्मी से जहां इंसान



परेशान है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षी भी कम परेशान नहीं है। मगर वह अपनी परेशानी किसी से कुछ नहीं सकते है। जागरूक नागरिक जरूर उनकी परेशानी को महसूस कर लेते है। वह छतों एवं घरों के बाहर बर्तनों में पानी रख कर उनकी प्यास बुझाने का प्रयास करते है। शराती बंदर भी गर्मी से परेशान है, लेकिन उन्होंने गर्मी से बचने का रास्ता ढूंढ लिया है। वह छतों पर रखी पानी की टंकियों का ढक्कन खौल कर उनमें डूबकियां लगा रहे है। बंदरों को अपने बच्चों के साथ टंकी के पानी में अठखेलियां करते हुए देखा जा सकता है। लेकिन ज्यादातर नागरिकों को यह पता भी नहीं होता है कि उनकी टंकी का पानी दूषित हो गया है और वह इसे खाना बनाने एवं नहाने में इस्तेमाल करते रहते है। वह टंकियों की न तो समय-समय पर सफाई कराते है और न ही टंकियों को उत्पाती बंदरों से बचाने के लिए सुरक्षा का कोई इंतजाम करते है।

दूसरी तरफ भीषण गर्मी से परेशान खतरनाक जंगली जानवर भी आबादी की तरफ का रूख कर रहे है। कालागढ़ क्षेत्र में टाइगर घने जंगलों में पानी की कमी की वजह से आबादी की तरफ बढ़ते देखे जा रहे है। कालागढ़ नदी के किनारे हाथियों का झूंड देखा जा सकता है। बढ़ापुर वन क्षेत्र से भी खतरनाक जंगली जानवर बाहर निकल कर आ रहे है। हाथियों को खेतों में घूमते हुए देखा जा सकता है।

## पशु-पक्षियों के लिए रखा जाए पानी व चारा

**बिजनौर।** जिस तरह से भीषण गर्मी पड़ रही है, उससे पशु-पक्षी परेशान है। वह पानी व चारे के लिए भटक रहे है। जनपद में बड़ी संख्या में आवारा गौवंश सड़कों पर मौजूद है और उन्हें सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर में पेट भरने की कोशिश करते देखा जा सकता है। वैसे तो प्रदेश में गौवंश प्रेमियों की सरकार चल रही है, लेकिन सबसे ज्यादा परेशान आवारा गौवंश ही है। गौवंश को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने की वजह से इनकी संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। वर्तमान में पशु-पक्षियों को चारे की सबसे ज्यादा जरूरत है। इस संबंध में सभी नागरिकों का जागरूक हो कर पशु-पक्षियों के लिए पानी व चारे की व्यवस्था करनी चाहिए। समाजस. वी संस्थाओं को भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी के साथ निभानी चाहिए। तभी इन पशु-पक्षियों को थोड़ी राहत मिल सकती है। छतों पर पानी रख कर एवं अनाज के दाने डाल कर पक्षियों की भूख व प्यास मिटाई जा सकती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# मंडावर में यशपाल का आतंक

## यौन शोषण और अवैध वसूली का गंभीर आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** मुजफ्फरनगर क्षेत्र के ग्राम योगेंद्र नगर, थाना भोपा निवासी जनेशा देवी पत्नी जीतू ने मंगलवार शाम परिजनों और ग्रामीणों के साथ मंडावर थाने पहुंचकर एक सनसनीखेज तहरीर दी। तहरीर में जनेशा देवी ने गांव तैयबपुर काजी उर्फ काजीवाला निवासी यशपाल उर्फ पेला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जनेशा के अनुसार, यशपाल पुलिस की मुखबिरी का दावा करता है और बंगाली एवं सपेरा समाज के लोगों को निशाना बनाकर अपहरण, टॉर्चर, यौन शोषण और अवैध वसूली जैसे जघन्य अपराध करता है।

जनेशा ने बताया कि यशपाल ने 10-12 लड़कों का एक गैंग बना रखा है, जो उनके समाज के लोगों को अपहरण कर टॉर्चर करता है और फिर उनसे फिरौती वसूलकर छोड़ता है। यशपाल ने बार-बार फोन कर धमकी दी कि पुलिस उनके परिवार को फर्जी एनकाउंटर में मार देगी। डर के कारण जनेशा पिछले साल नवंबर 2024 में अपनी पुत्री पार्वती और बेटे की बहू जौनिया के साथ यशपाल के ठिकाने पर पहुंची। वहां यशपाल ने दोनों को बंधक बना लिया, एक कमरे में ताला लगाकर बंद कर दिया और जनेशा के साथ मारपीट की। यशपाल ने 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी और कहा कि जब तक पैसे नहीं मिलेंगे, वह पार्वती और जौनिया को नहीं छोड़ेगा। डर के मारे जनेशा ने समाज के लोगों से 20 हजार रुपये इकट्ठा किए और तीन दिन बाद यशपाल को देकर अपनी बेटी और बहू को छुड़ाया। जनेशा ने आरोप लगाया कि इन तीन दिनों में यशपाल ने पार्वती और जौनिया के साथ उनकी इच्छा के विरुद्ध यौन शोषण किया और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की धमकी दी। इसके बाद भी यशपाल का अत्याचार जारी रहा। वह बार-बार फोन कर पार्वती को अपने ठिकाने पर बुलाता और उसका यौन शोषण करता रहा।

जनेशा ने बताया कि यशपाल खुद को पुलिस का मुखबिर बताकर बंगाली और सपेरा समाज के लोगों को डराता है। वह अपने गैंग के साथ अपहरण, टॉर्चर और फिरौती वसूलने का धंधा चलाता है। डर और सामाजिक बदनामी के कारण जनेशा अब तक चुप थी, लेकिन यशपाल का आतंक इतना बढ़ गया कि उनके परिवार का जीना मुहाल हो गया। अंततः उन्होंने हिम्मत जुटाकर मंडावर पुलिस में तहरीर दी और यशपाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी। इस मामले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और बंगाली एवं सपेरा समाज में आक्रोश व्याप्त है। लोग यशपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पांचू राम मौर्य को किया सम्मानित

## तहसील सभागार में सम्मान समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील सभागार धामपुर में आयोजित सम्मान समारोह में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य पांचू राम मौर्य को फूलमालाओं व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

धामपुर तहसील सभा कक्ष में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी ने की तथा संचालन गजेंद्र सिंह चौहान ने किया। सम्मान समारोह में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य पांचू राम मौर्य का बार एसोसिएशन धामपुर के पदाधिकारियों ने शाल ओढ़ाकर व फूल मालाओं से लादकर उनका स्वागत व सम्मान किया। बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी ने बार एसोसिएशन धामपुर के उनके सहयोग की सराहना करते हुए उनसे ग्रामीण न्यायालय धामपुर को तहसील धामपुर में लाने हेतु सहयोग की अपील की। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य पांचू राम मौर्य ने उनके धामपुर आने पर बार एसोसिएशन धामपुर को धन्यवाद दिया और कहा कि मैं जिस लायक हूं बार एसोसिएशन धामपुर के हर सदस्य के लिए में रात दिन तैयार हूं।

उन्होंने ग्रामीण न्यायालय धामपुर को तहसील में लाने का आश्वासन देते हुए कहा कि वह इस सम्बन्ध में प्रशासनिक मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद से शीघ्र वार्ता करेंगे।

इस अवसर पर योगेन्द्र पाल सिंह, देवेन्द्र कुमार, शाहिद अली, राजपाल सिंह, नरेन्द्रपाल सिंह, जावेद उमर, शहजादा परवेज, कुलवीर सिंह, अनुराग, जफर अहमद आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर।** शराब की दुकान पर ओवररेट के नाम पर वसूली की शिकायत करने पर एक दिव्यांग को फोन पर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मौहल्ला होलियान निवासी नागेन्द्र कुमार नैन ने शराब की दुकान पर ओवररेट के नाम पर वसूली करने की शिकायत लखनऊ आबकारी विभाग में की थी। आरोप है कि ग्राम बालापुर के आलोक द्वारा फोन पर गाली-गलौच कर जान से मारने व दूसरा पैर भी तोड़ने की धमकी दी गई। नागेन्द्र कुमार नैन की ओर से पुलिस को कॉल रिकार्डिंग भी उपलब्ध कराई गई है। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भीषण गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## पंखे, कूलर व फ्रिज नहीं कर रहे काम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में पिछले कई दिनों से चल रही लो वोल्टेज की समस्या से नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

नगर के कई मोहल्लों में पंखे, कूलर, फ्रिज जैसी जरूरी चीजें काम नहीं कर पा रही। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। लो वोल्टेज के कारण इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो पा रहे, जिससे रात के समय लोगों को अंधेरे में रहना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बिजली विभाग को कई बार शिकायत की गई है लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द लो वोल्टेज की समस्या का समाधान किया जाए ताकि आम जनजीवन सामान्य हो सके। लोगों का कहना है कि लो वोल्टेज की समस्या इस वक्त ऐसी बन गई है कि तमाम लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं जबकि लो वोल्टेज के कारण तमाम लोगों के घर के बिजली से संबंधित उपकरण भी खराब हो चुके हैं। लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। विद्युत विभाग लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने में असमर्थ नजर आ रहा है। ऑफिसों में बैठे अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कोई भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं और निचले स्तर के छोटे कर्मचारी जगह-जगह समस्या आने पर उसका निस्तारण करने का प्रयास कर रहे हैं जिससे वह भी काफी हद तक परेशान हैं। अधिकारियों को चाहिए कि लो वोल्टेज की समस्या का हल निकाले और अपने ही कर्मचारी व नगर व क्षेत्र की जनता को इस भारी परेशानी से बचने का प्रयास करे।

# कुर्बानी अल्लाह को प्यारी: शेख शाहनवाज

## नगीना में ईद मिलन कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में ईद उल अजहा का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। ताहिरा खलील अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नगीना व शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर के मौहल्ला शाहजहीर स्थित कैम्प कार्यालय पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समुदायों के लोग शामिल हुए।

शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि कुर्बानी अल्लाह को प्यारी है। इसलिये तीन दिनों तक यह त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित बकरा ईद मिलन समारोह में सभी कौम के लोगों की भागीदारी रही। इस अवसर पर ईद उल अजहा पर बनने वाले विशेष पकवानों का भी प्रबंध किया गया था। मंगलवार की सुबह से ही आयोजित इस कार्यक्रम में शहर व पड़ोस से आए ग्रामीण समेत भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भागीदारी रही।

इस मौके पर काजी अरशद मसूद उर्फ शन्नु, इरशाद मुल्तानी, मौहम्मद ओवैस, मुफ्ती अवैस अकरम, इकबाल कुरैशी, इरफान अंसारी, जहीर अंसारी, गुड्डू अंसारी, शेख जमशेद, सय्यद जुबैर जैदी, इस्लाम अल्वी, डॉ. शहबाज, आफताब मुल्तानी, जुनैद कुरैशी, अफजाल कुरैशी, शेख शद्दन, अंजार सैफी, जाहिद उर्फ जद्दू, अब्दुल रऊफ उर्फ बाबू, मुनीर आलम, हाफिज जाकिर हुसैन, खुर्शीद अहमद ठेकेदार, एजाज अहमद उर्फ गुड्डू, डॉ. खालिद परवेज, मौहम्मद परवेज, मौहम्मद शुएब, पाशा अंसारी, जहीर पहलवान, मुअज्जम हुसैन रियाजी, शेख नौशाद, फराज अहमद, आरिफ सिद्दीकी, आलमगीर खलीफा, इरफान अंसारी, मास्टर अली हसन आदि शहर के तमाम लोग मौजूद रहे।

उधर सोमवार की रात मौहल्ला लाल सराय स्थित मुनीम चौक पर सभासद बदर मुनीम के आवास पर भी ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के आम से लेकर खास लोगों ने शिरकत की।

इस मौके पर शेख शाहनवाज खलील, उस्मान जैदी, परवेज पाशी, आरिफ मालिक, मकसूद उस्मानी, गोपाल शर्मा, परवेज आदिल, सुहैल इकबाल, मौहम्मद अहमद, मरगूब मुल्तानी, असलम सिद्दीकी, शानू मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# बीस दिवसीय समर कैम्प का समापन

## छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** बीस दिवसीय समर कैम्प के समापन पर संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन के छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

संविलियन विद्यालय आसफाबाद में 21 मई से 10 जून तक संचालित बीस दिवसीय समर कैम्प के समापन समारोह की अध्यक्षता विजयपाल ने की तथा संचालन सुरेन्द्र सिंह ने किया। 20 दिवसीय कैम्प के दौरान छात्र व छात्राओं ने मोगु, शतरंज, लूडो, बालीवाल, हैंडवाल, कबड्डी, फुटबाल, चित्र कला, संगीत, कम्प्यूटर आदि गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

समर कैम्प के आयोजन से छात्र छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, स्वतंत्रता, सामूहिक भावना, धर्म, अनुशासन, शारीरिक विकास, मानसिक विकास, अभिव्यक्ति की क्षमता, सहभागिता सृजनात्मक एवं रचनात्मकता का विकास होता है। प्रशिक्षक गौतम पंकज व हरीश कुमार ने दिया।

इस दौरान आलोक कुमार, अनिल कुमार, नीलम, अंजू देवी, प्रेमवती आदि अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। साथ ही हेमराज अहमद, मयंक, सोफियान, अंशिका, मोनू, विशाखा, वंशिका, हिमानी आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# प्रॉपर्टी डीलरों पर करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप

## ठगी के शिकार महिलाओं और पुरुषों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नजीबाबाद स्थित महादेवपुरम कॉलोनी में प्लॉटों की खरीद-फरोख्त में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के आरोप सामने आए हैं। इसकी आवाज अब किरतपुर में भी सुनाई दी।

कॉलोनी में प्लॉट खरीदने वाले कई लोगों ने प्रॉपर्टी डीलरों पर करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। आरोप है कि किरतपुर निवासी आसिम जलाल द्वारा इन प्लॉटों की बिक्री की गई थी। अब पीड़ित लोग अपने प्लॉट हासिल करने के लिए आसिम जलाल और अन्य काला. `नाइजरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। मामले में कई करोड़ की धोखाधड़ी सामने आई है, हालांकि आसिम जलाल ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया है।

मंगलवार को ठगी का शिकार हुए पुरुषों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर किरतपुर स्थित आसिम जलाल के प्रतिष्ठान (क्रेशर) पर प्रदर्शन किया। उन्होंने हाथों में बैनर लेकर नारेबाजी की, जिन पर आसिम जलाल की तस्वीरें और 'आसिम जलाल मुर्दाबाद', चोरों का सरदार कौन, आसिम जलाल' जैसे नारे लिखे थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और धरने को समाप्त करवा दिया। इस पर प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस आसिम जलाल के साथ मिलीभगत कर रही है और शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोककर उनके अधिकारों का हनन कर रही है। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्लॉटों की खरीद-फरोख्त के मामले की जांच तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही कोई ठोस कार्रवाई संभव होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन के लिए तहसील प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

# एमएम इंटर कॉलेज में समर कैंप का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एमएम इंटर कॉलेज नगीना में 21 मई से चल रहा समर कैंप 2025 आज अपने अंतिम दिवस पर भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस कैंप में विद्यार्थियों ने योग, कबड्डी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पिरामिड बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

समापन समारोह में प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, शिक्षक अमीचंद यादव तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कैंप का संचालन अध्यापक शहजाद अहमद ने सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ एवं अभिभावक भी उपस्थित थे। जिन्होंने समर कैंप के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। सांस्कृतिक कार्यक्रम सादिया अंसारी, जैनब, अरीबा, आन्या आदि ने प्रस्तुत किया।

# झालू बिजलीघर पर किसानों का प्रदर्शन

## एसडीओ को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** गर्मी अपनी उफान पर है और बिजली आंख मिचोली का खेल खेल रही है। इसी संबंध में झालू विद्युत उपकेंद्र पर क्षेत्र के किसानों ने विद्युत आपूर्ति में कटौती व पूर्ण रूप से सुचारू न होने, लो वोल्टेज, लाइनमैन के अनुचित व्यहार जैसे आदि समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर जेई को अपने बीच बिठाकर वार्ता की। एसडीओ को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार दोपहर को गौसपुर टोपरी, रामपुर, जलालपुर, खारी गांव के किसानों ने विद्युत विभाग पर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति न देने, लो वोल्टेज व लाइनमैन के अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए झालू विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर किसानों ने अवर अभियंता सुदेश कुमार को अपने बीच बिठाया और अपनी समस्याओं के निवारण की मांग की। इसी के साथ-साथ लाइनमैन को तत्काल हटाने की मांग की। मौके पर पहुंच एसडीओ अरविंद कुमार बिंद को किसानों ने अपनी समस्याओं का ज्ञापन दिया। एसडीओ ने जल्द किसानों की समस्याओं के समाधान करने की बात कहकर धरना समाप्त कराया।

धरना प्रदर्शन में योगदान देने वाले सुरेश सिंह, रोहित दीपेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, हरि, राजेश, लोकेंद्र सिंह, हेमराज सिंह, तेजपाल सिंह, यशपाल, राजवीर सिंह, प्रीतम सिंह, विनीत, अजीत, छत्रपाल सिंह, सोमवीर सिंह, विशाल कुमार, नरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक जलीलपुर की मासिक पंचायत गन्ना समिति चांदपुर में संपन्न हुई। सोमवार के दिन सहक. ारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर में आयोजित यूनियन की पंचायत में 16, 17, 18 जून 2025 को हरिद्वार चिंतन शिविर में ज्यादा से ज्यादा चलने का आह्वान किया गया।

पंचायत में तहसील राजस्व विभाग द्वारा बड़ी संख्या में किसा ने की खसरा खतौनी में किसानों द्वारा अपनी खसरा खतौनी में अंश गलत किए जाने पर नाराजगी जताते हुए हरिद्वार चिंतन शिविर से आने के बाद एक बड़े आंदोलन की भी घोषणा भी की। पंचायत में उपस्थित प्रदेश संगठन मंत्री नेमपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष उद्यान सिंह, जिला संगठन मंत्री महिपाल सिंह ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय हो रहा हैं। सरकार किसानों के लिए कुछ करने को तैयार नही हैं। जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, तहसील अध्यक्ष हरिराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कल्याण सिंह, तेजवीर सिंह चौधरी, राजकुमार, मनोज शर्मा ने कहा कि हरिद्वार में होने वाले चिंतन शिविर में सब कुछ तय किया जायेगा। सुभाष चौधरी, रोहतास सिंह, महेंद्र सिंह सैनी, गुन्नू चौधरी, नितिन कुमार बिराल, लाल सिंह, रणवीर सिंह, संतराम, सुखबीर सिंह, सुभाष चंद्र हुसैनपुर, यशवीर सिंह, महेश सिंह, राम कुमार सिंह, राजीव कुमार बिलाल निवासी आदि सहित बड़ी संख्या में किसान यूनियन कार्यकर्ता व यूनियन के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ सहित बड़ी संख्या में किसान यूनियन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लाठी-डंडों से हमला कर लूटा

## तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** घर से शहर आ रहे एक व्यक्ति पर कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर उसके साथ लूटपाट कर उसे घायल कर दिया।

कोतवाली मार्ग स्थित कमालपुर खाईखेड़ी निवासी दिनेश कुमार पुत्र शीशराम सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक नजीबाबाद को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे वह अपने घर से नजीबाबाद छोटे ट्रैक्टर से आ रहे थे तभी अचानक श्रावनपुर नहर के पास लगभग 12 लोग व्यक्ति जो चार मोटरसाइकिलों पर सवार थे। लाठी डंडों से उन पर हमला कर दिया। जिसमें प्रार्थी की एक सोने की चेन तथा 11 हजार 400 रुपए की धनराशि भी लूट ली और उस पर जानलेवा हमला भी किया। जिससे उसके हाथ में फ्रैक्चर भी हो गया।

पीड़ित ने तहरीर में बताया कि हमला करने वालों में ग्राम के ही सचिन पुत्र बाबूराम, प्रिंस पुत्र सचिन, राजकुमार पुत्र हुकुम सिंह व अन्य कई लोग जिनकी संख्या नौ थीं और उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। पीड़ित दिनेश कुमार ने उचित कार्रवाई की मांग थाना प्रभारी निरीक्षक से की है।

# लोहे के बाट तराजू पर नहीं लगती मोहर

## कम तौल कर दे रहे हैं ग्राहकों को माल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में कुछ व्यापारियों द्वारा लोहे के बाट तराजू (वजन मापने के उपकरण) पर सत्यापन की मोहर नहीं लगवाई जा रही है, जिससे ग्राहक ठगे जा रहे हैं।

मोहर न लगने के कारण कई दुकानदार कम तौल कर ग्राहकों को सामान दे रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वजन और माप विभाग की अनदेखी के चलते ये गड़बड़ी खुलेआम जारी है। नियमानुसार प्रत्येक तराजू और बाट का हर वर्ष सत्यापन कराना अनिवार्य होता है, जिस पर सरकारी मोहर लगाई जाती है लेकिन नगर के कई व्यापारियों ने इस नियम की अनदेखी कर तराजुओं को बिना मोहर के ही उपयोग में ले रखा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि ग्राहकों को न्याय मिल सके और उन्हें सही तौल पर वस्तुएं प्राप्त हों। वजन माप विभाग को जल्द से जल्द नगर में निरीक्षण कर दोषी व्यापारियों पर जुर्माना लगा कर चेतावनी देनी चाहिए।

यदि संबंधित विभाग इस पर ध्यान दे तो नगर हुए क्षेत्र में सभी छोटे व्यापारी से लेकर बड़े व्यापारी तक के पास बिना मोहर लगे बाट और तराजू उपलब्ध मिलेंगे। पहले हर वर्ष कभी नगर पालिका परिषद में तो कभी अन्य जगहों पर सरकार की ओर से विभागीय अधिकारी आकर बाट तराजू पर मोहर लगाया करते थे और पूरे नगर के अंदर घूम कर एनाउंसमेंट हुआ करता था कि सभी लोग अपने बाट तराजू पर मोहर लगवा ले।

ग्राहक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है और कम माल लेकर महंगे दामों में जा रहा है, उस पर महंगाई की डबल मार पड़ रही है जो बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ है। छोटे दुकानदार ठेले वाले इसका पूरा लाभ उठा रहे हैं।

# मेडल जीतने वाली टीम का जोरदार स्वागत

## सभी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश के वृंदावन में मां ज्वाला धाम के बैंकट हॉल में एक से तीन जून तक ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

चैम्पियनशिप में लगभग सात से आठ राज्यों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल होकर जिला बिजनौर के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें सब जूनियर कैटिगरी में दिव्यांशी पाल, हर्ष राजूत, अर्णव तोमर ने गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। क्रेडिट कैटेगरी में राघव वर्मा, परीक्षा, सईदा, नवाज अली, प्रतीक, पार्थ चौधरी, तनु रानी ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। वहीं जूनियर वर्ग में निशांत तोमर, विशेष सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। हिमांशी भावदीप, दर्श चौधरी ने ब्रान्ज मेडल अपने नाम किया। नजीबाबाद पहुंचने पर पूरी टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम कोच रिंकू वर्मा व टीम मैनेजर मीनाक्षी चौधरी को सभी अभिभावकों ने बधाई दी।

इस स्तर पर नजीबाबाद ताइक्वांडों ट्रेनिंग अकादमी आदर्श नगर के अध्यक्ष मौहम्मद अरशद ने सभी बच्चों को मेडल पहनाकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। जिसमें ब्रजेश, अनमोल, हिमांशु, बिजेंद्र, विक्रम, वीरेंद्र ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यालयों में समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड क्षेत्र के 63 विद्यालयों में जिसमें 30 कंपोजिट विद्यालय तथा 33 पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार संचालित समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर नहटौर के कंपोजिट विद्यालय व कश्मीरी के संविलियन विद्यालय में बच्चों ने कार्यक्रम आयोजित किए।

नहटौर कंपोजिट विद्यालय व कश्मीरी संविलियन विद्यालय में समर कैंप का समापन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। साथ ही इसके अलावा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें लोकगीत डांस भाषण गीत आदि की प्रस्तुति की। समर कैंप में तीन छात्रों को जिसमे नमरा कक्षा 6, जोया कक्षा 7 एवं ताशु शर्मा कक्षा 8 को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कश्मीरी में पवनलता व चंचल कुमारी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। नहटौर के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षामित्र पूनम सैनी, सविता सैनी, को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में सरकारी विद्यालयों में जितना अध्यापकों द्वारा मेहनत की जा रही है। प्राइवेट विद्यालयों से सरकारी विद्यालय किसी भी स्तर पर काम नहीं है। साथ ही इन विद्यालय में प्राइवेट विद्यालयों की तरह स्मार्ट क्लास पुस्तकालय आईसीटी लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। वक्ताओं का कहना था कि सरकार इन सरकारी स्कूलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास कर रही है। अभिभावक को को भी चाहिए प्राइवेट स्कूलों से हटकर इन विद्यालय में अपने बच्चों को शिक्षा दिलाई ये विद्यालय किसी भी स्तर पर काम नहीं है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी




ओम गिरी, विनोद कुमार अग्रवाल, गुड्डे सभासद, महफूज, सुखबीर सिंह, हेमराज आर्य, अभिषेक भटनागर, रामावतार सिंह, संजीव त्यागी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार अग्रवाल तथा संचालन स्कूल के प्रधान अध्यापक मोहम्मद शफी ने किया। इसके अलावा अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक क्षेत्र के 63 विद्यालयों में जिसमें 30 कंपोजिट विद्यालय व 33 पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहित 63 विद्यालयों में समर कैंप का समापन हुआ।

# भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुसीबत, नलों में पानी आना बंद

## बीमारियों का बढ़ा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचे पारे ने जहां लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है, वहीं सबमर्सिबल मोटरें और नल व्यवस्था ठप होने से पानी का संकट गहरा गया है। इसके साथ ही लू और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

नगर निवासी मलिक, सला. उद्दीन साहिल, दिलशाद, सलाउद्दीन अंसारी और शरीफ अहमद ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से सबमर्सिबल पंपों ने काम करना बंद कर दिया है। कई घरों में दो-दो दिन से नलों में पानी की एक बूंद नहीं आई है। लोग पानी की तलाश में यहां-वहां भटकने को मजबूर हैं सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि नगर पालिका की टंकी से जुड़े कुछ घरों में ही पानी पहुंच रहा है। जिनके घरों में





निजी सबमर्सिबल या मोटर हैं, वहां मोटरों ने गर्मी के चलते जवाब दे दिया है। जिससे नगर के अधिकांश इलाकों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। महिलाएं और बच्चे परेशान हो रहे हैं। मौहल्लों में महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर देखा जा रहा है। कई परिवारों को पानी भरने के लिए सुबह चार बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को इस दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाने की जरूरत है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि इस हीटवेव से बचे।

नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मलिक ने बताया कि इस समय लू का प्रभाव सबसे अधिक है। शरीर में पानी की कमी, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी-दस्त और यहां तक कि दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं भी सामने आ सकती हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। यदि निकलना जरूरी हो, तो सिर पर कपड़ा रखें, छाता इस्तेमाल करें और लगातार पानी, नींबू पानी, शिकंजी और छाछ का सेवन करते रहें। तले-भुने और बासी भोजन से पूरी तरह परहेज करें। नगर वासियों ने नगर पालिका से राहत की मांग की है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि नगर में शीघ्र जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त की जाए। साथ ही मौहल्लों में पेयजल टैंकरों की व्यवस्था की जाए। ताकि गर्मी के इस दौर में लोग राहत महसूस कर सकें। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं।

# दूध नापने वाले मग्गों में भारी धांधली

## बेईमानी से कमा रहे मुनाफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में दूध विक्रेताओं द्वारा दूध नापने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मग्गों (माप बर्तनों) में भारी धांधली सामने आ रही है। उपभोक्ताओं को एक लीटर के नाम पर 800 से 900 मिलीलीटर ही दूध दिया जा रहा है जबकि पूरा मूल्य वसूला जा रहा है

सूत्रों के अनुसार कई दूध विक्रेता छोटे मग्गे बनवाकर उन्हें एक लीटर का बताकर बेच रहे हैं। इस तरह रोजाना सैकड़ों ग्राहकों को कम दूध देकर ठगा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दूध मापने वाले बर्तनों की नियमित जांच हो और दोषी विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों की प्रशासन से मांग है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इस तरह की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि नाप-तौल विभाग को अचानक




चेकिंग कर दूध विक्रेताओं की माप का परीक्षण करना चाहिए।

जनता से अपील की जा रही है कि वे दूध लेते समय माप का ध्यान रखें और शक होने पर इलेक्ट्रॉनिक मापक से खुद जांच करें या प्रशासन को सूचना दें। दूध नापने वाले मग्गों को बनाने वालों ने अपनी बिक्री और ज्यादा करने के लिए उनका साइज छोटा कर दिया गया है और दूध बेचने वाले उन्हीं को खरीदते हैं ताकि बेइमानी और धोखाधड़ी करके वह ज्यादा मुनाफा कमा सके। यह बहुत ही चिंता का विषय है कि एक तो महंगाई की मार आम जनता खेल रही है तो वही दूध की कीमत अगर इन दूध बेचने वालों के हिसाब से लगाई जाए तो 100 रूपए से भी अधिक का एक लीटर पड़ रहा है। यह बहुत ही गंभीर समस्या है। संबंधित विभाग को इन लोगों के नाप की जांच करनी चाहिए। यदि नियम अनुसार किसी भी व्यक्ति का नाप कम होता है तो उस पर कानूनी कार्यवाही करके आम जनता को इस बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचारियों से बचाने में अपना सहयोग दें।

# विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी

## पीड़ित दो महीने से काट रहा थाने के चक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ निवासी फैसल पुत्र मौ. सलीम से यूके भेजने के नाम पर दो शातिर एजेंटों ने न सिर्फ 50 हजार रुपए की ठगी की, बल्कि अब जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि पीड़ित द्वारा पूरे सबूत देने के बावजूद अफजलगढ़ पुलिस ने अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया।

पीड़ित फैसल ने बताया कि करीब सात महीने पहले अफजलगढ़ कस्बे के पारस पब्लिक स्कूल के सामने स्थित एक एजेंसी ऑफिस में अमन विर्क और जसपाल नामक युवक मिले। दोनों ने खुद को यूके भेजने वाला एजेंट बताते हुए फैसल को भरोसे में लिया और कहा कि स्टडी वीजा के जरिए वह जल्द ही विदेश पहुंच जाएगा। भरोसा दिलाकर



दोनों एजेंटों ने फैसल से उसका पासपोर्ट और 50,000 रुपए ले लिए, जो उसने ब्याज पर लेकर इकट्ठे किए थे। फैसल का कहना है कि एजेंटों के झांसे में आकर उसने अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी थी। धोखा और धमकी काफी महीनों तक झांसा देने के बाद दोनों एजेंटों ने पासपोर्ट तो लौटा दिया, लेकिन पैसे लौटाने से इंकार कर दिया। जब फैसल ने अपने पैसे वापस मांगे, तो दोनों ने उसे धमकाते हुए कहा तेरा पासपोर्ट दे दिया है, अब पैसे नहीं मिलेंगे। जो करना है कर ले। अगर दोबारा पैसे मांगे, तो जान से मार देंगे या किसी फर्जी केस में फंसा देंगे। पीड़ित के पास दोनों आरोपियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग, फोन नंबर (9917699666 और 8218088890) और पैसों के लेन-देन से जुड़े सारे सबूत मौजूद हैं। थाने की चुप्पी फैसल ने दो महीने पहले अफजलगढ़ थाने में तहरीर दी। कई बार थाने गया, अधिकारियों से मिला, लेकिन आज तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई।

थाने में दोनों पक्षों को बुलाया जरूर, लेकिन न कोई पूछताछ की, न कोई कानूनी कार्रवाई की। उल्टा ठगों को छोड़ दिया गया और पीड़ित को नजरअंदाज कर दिया गया। प्रशासन से सवाल जब पीड़ित के पास सबूत मौजूद हैं, तो पुलिस क्यों कार्रवाई से बच रही है क्या ठगों को थाने से संरक्षण प्राप्त है। आखिर गरीब, पढ़ाई छोड़ चुका युवक दो महीने से चक्कर काट रहा है, तो इंसाफ क्यों नहीं। फैसल ने कहा कि पुलिस से उसे कोई उम्मीद नहीं बची है।

अगर अब भी न्याय नहीं मिला, तो वह डीएम, एसपी से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक अपनी शिकायत लेकर जाएगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि न्याय न मिला, तो वह आत्महत्या जैसा कदम भी उठा सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आरोपी एजेंटों की होगी।

# घर में घुसा चोर जाग होने पर भागते समय घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के एक ग्राम में बीती रात एक चोर चोरी करने के इरादे से घर में घुस गया। परिजनों द्वारा जाग जाने पर चोर भागते हुए बिजली के तारों की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस में उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

ग्राम मनोहरवाली में बीती रात एक चोर चोरी करने के इरादे से नाजिर हुसैन के घर में घुस गया। घर के सभी सदस्य सो रहे। तभी नाजिर हुसैन की पुत्रवधू की आहट से आंख खुल गई। चोर को देख उसने शोर मचा दिया। जाग जाने पर नाजिर हुसैन व परिजनों ने शोर सुनकर भाग रहे चोर का पीछा किया। वह सीढ़ियां चढ़ कर छत पर पहुंचकर चोर भागने लगा। चार-पांच छते आपस में मिली हुई थी। जैसे ही आखरी मुस्तफा की छत पर पहुंचकर कूदने का प्रयास किया, तो छत के पास बिजली के तारों में फंस कर घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर ग्राम में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान मौहम्मद उमर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया। चोर की पहचान किशन उर्फ कालू पुत्र सुरेश निवासी ग्राम हसनपुर, थाना रेहड़ के रूप में हुई है। किशन इससे पूर्व भी कई बार चोरी के मामले में जेल जा चुका है। किशन को पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई हेतु हिरासत में लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

## मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता घसीटा सिंह और संचालन प्रशांत चौधरी ने किया।

पंचायत में किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बिजली की समस्या का मुद्दा व यूरिया खाद की कमी, ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग व गुलदार जैसी समस्या को लेकर किसानों ने एक ज्ञापन जिले के अधिकारियों को दिया। किसानों ने जल्द से जल्द क्षेत्र की समस्या को दूर किया जा सके। हर वर्ष की तरह हरिद्वार में लगने वाले चिंतन शिविर ज्यादा से ज्यादा लोगों को चलने का आह्वान किया गया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में चिंतन शिविर में चलने की अपील की व संगठन का विस्तार करते हुए बाबू पाल को ग्राम अध्यक्ष धमरोली मनोनीत किया गया। इस अवसर पर दर्जनों किसानों को सदस्यता ग्रहण



कराई गई। पंचायत में उपस्थित प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, भोपाल सिंह, यादराम सिंह, दुष्यंत यादव, रो. हतास सिंह, सत्य प्रकाश यादव, यशवीर सिंह, राजेश सैनी, अशोक, महेंद्र यादव धनकड, कपिल धनकड़, सुशील शर्मा, विपिन शर्मा, योगेश कुमार, टीकम सिंह, सोनू चौधरी, बलराम सिंह, चरन सिंह, बुद्ध सिंह, दीपक चौहान, नासिर हुसैन, टीकाराम सिंह और युवा ब्लॉक अध्यक्ष मोनू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत







## साक्षी चौधरी प्रथम व परिक्रमा दूसरे स्थान पर रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस के एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर में साक्षी चौधरी ने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, परिक्रमा ने 75.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अक्षिका ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राजघाट गंगा में डूबे तीन दोस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर गंगा स्नान करने आये तीन दोस्त गहरे जल में डूबने लगे। स्थानीय गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद दो को सकुशल निकाल लिया जबकि एक लापता हो गया।
मंगलवार को राजघाट गंगा घाट पर अजय 18 वर्ष पुत्र नरेश व विजय 21 वर्ष पुत्र नेत्रपाल निवासी धनारी पट्टी बालू शंकर और मनोज कुमार पुत्र सूरजपाल निवासी आनंदपुर थाना बहजोई तीनो दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने आये थे। वह गंगा स्नान करते समय गहरे जल में जल गये। तीनो को डूबता देखकर घाट पर लोगों ने शोर मचाया। यह देखकर स्थानीय गोताखोरों ने विजय व मनोज को सकुशल जल से बाहर निकाल लिया।

**एक की मौत, दो को गोताखोरों ने सकुशल निकाला**

जबकि अजय गहरे जल में बह गया। जिसको स्थानीय गोताखोरों ने 2 घंटे की कड़ी मस्कत के बाद पुल की पूर्व दिशा में गंगा से बाहर निकाला। उसको परिजन आनन फानन में नगर बबराला के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सक ने अजय को मृत घोषित कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि अजय अविवाहित था। वह तीन बहन भाइयों में सबसे बड़ा था।उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि तीन दोस्त स्नान के दौरान डूबे। जिनमें दो को गोताखोरों की मदद से सकुशल बाहर निकाल लिया।जबकि अजय काफी बाद में मिला।उसको परिजन बबराला निजी अस्पताल ले गये। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया।



सम्भल- मुख्य बाज़ार से अतिक्रमण हटवाते नगर मजिस्ट्रेट व ई ओ नगर पालिका परिषद।

# साक्षात्कार से किया जायेगा लाभार्थियों का चयन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नि:शुल्क टूल किटस वितरण योजना के तहत जनपद को पॉप कॉर्न और दोना पत्तल बनाने की मशीनों के वितरण का लक्ष्म मिल गया है।

जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी नीति के तहत जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 पॉप कॉर्न औश्र 10 दोना पत्तल मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरण किए जाने का लक्ष्य मिला है। पोर्टल द्वारा दिए गए आवेदनों के सापेक्ष शासन से गठित समिति द्वारा लाभार्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में 11 जून को अपरान्ह 11:30 बजे किया जायेगा। इसलिए आवेदन करने वाले समय से साक्षात्कार कमें उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। जिससे कि परिक्षेत्रीय ग्रामोषेग अधिकारी की अध्यक्षता साक्षात्कार कराकर लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया को पूरा किया जा सके।

# ग्राम पंचायत देवराभूरा के प्रधान के वित्तीय अधिकार प्रतिबंधित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रारम्भिक जांच में ग्राम प्रधान के वित्तीय अनियमित्ताएं पाये जाने पर डीएम ने वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों को प्रतिबंधित कर दिया है।

**प्रारम्भिक जांच में पाई गई वित्तीय अनियमितताएं**

विकास खंड रजपुरा की ग्राम पंचायत देवराभूरा की वित्तीय अनियमित्ताओं की शिकायत पर जांच करायी गयी थी। जिसकी प्रारम्भिक जांच में 2,53,285.00 की वित्तीय अनियमितता पाये गयी। जिला मजिस्ट्रेट डा. राजेन्द्र पैंसिया के आदेश पर ग्राम प्रधान, सुरेश कुमार, ग्राम पंचायत देवराभूरा, विकास खण्ड रजपुरा के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिया। जबकि प्रकरण की अन्तिम जांच को अपर उप निदेशक (कृषि) सम्भल, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखापरीक्षा सम्भल, सहायक अभियन्ता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सम्भल को नामित करते हुए उ.प्र. पंचायत राज अधिनियम में वर्णित व्यवस्था के अनुसार नियमानुसार अन्तिम जांच आख्या उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया है।

# भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों से वार्ता

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की हिन्दुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क हेतु असालतपुर जारई से बनियाखेडा तक फोर लेन हाईवे की भूमि अधिग्रहण के संबंधा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत फोर लेन हाईवे की भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्या के विषय में किसानों के साथ वार्ता की।



सम्भल- भूमि को लेकर किसानों के साथ चर्चा करते जिलाधिकारी।

### स्वास्थ्य कारणों से सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हटाए

# दो दर्जन से अधिक उपनिरीक्षक स्थानांतरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने व प्रशासनिक समायोजन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने तीन निरीक्षक समेत दो दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों को स्थानांतरित किया है। इनमें सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को स्वास्थ्य कारणों के चलते लाइन भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरीश कुंमार को पुलिस लाइन भेजा है। उनके अचानक तबादला स्वास्थ्य कारणों से किया जाना बताया गया है। जबकि उनके स्थान पर धनारी थाने पर तैनात निरीक्षक गजेन्द्र सिंह को सदर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक का चार्ज दिया गया है। इसके अलावा धनारी थाने पर तैनात निरीक्षक अपराध ओम प्रकाश गौतम को अपराध शाखा भेजा गया है। इन्ही के साथ जिले के थानों में तैनात उपनिरीक्षकों को भी इधर से उधर भेजा गया है। इनमें रजपुरा थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक मनोज कुमार को पीआरओ पुलिस अधीक्षक/प्रभारी मीडिया/सोशल मीडिया सैल/सीसीटीएनएस सैल बनाया गया। जबकि पीआओ पुलिस अधीक्षक उपनिरीक्षक संजय कुमार को धनारी थाने का प्रभारी बनाकर भेजा गया है। उपनिरीक्षक निशानत कुमार राठी को पुलिस लाइन से रजपुरा थाना व उपनिरीक्षक संदीप कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी ज्ञानपुर एचौड़ा कम्बोह थाना, उपनिरीक्षक विकास निर्वाल को बहजोई कोतवाली से थाना कैला देवी की खिरनी पुलिस चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक दीपक कुमार को असमोली थाने से धनारी थाने की पुलिस चौकी भकरौली का प्रभारी एवं उपनिरीक्षक साधू सिंह को थाना कुढ़फतेहगढ़ ये जुनावई थाने की दबथरा पुलिस चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक राजबहादुर को असमोली थाने से चौकी प्रभारी बैरपुर थाना जुनावई, उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह को चौकी प्रभारी आटा थाना बनियाठेर से चौकी प्रभारी हिसामपुर थाना नखासा एवं उपनिरीक्षक हिमांशु गौतम को थाना बनियाठेर से चौकी प्रभारी देहपा थाना नखासा, उपनिरीक्षक सचिन कुमार को पुलिस लाइन से भोलेश्वर पुलिस चौकी प्रभारी थाना नखासा, उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से बहजोई थाने की पंवासा पुलिस चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक आकाश चौकी प्रभारी भवन थाना बहजोई को इसी थाने की पाठकपुर पुलिस चौकी प्रभारी, उपनिरीक्षक कपिल कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कलैक्ट्रेट थाना बहजोई उपनिरीक्षक नितिन गौतम चौकी प्रभारी देहपा थाना नखासा से चौकी प्रभारी लक्ष्मणगंज चन्दौसी, उपनिरीक्षक संदीप शर्मा चौकी प्रभारी कलैक्ट्रेट थाना बहजोई से चौकी प्रभारी आटा थाना बनियाठेर तथा उपनिरीक्षक शाह फैसल पुलिस चौक प्रभारी दीपा सराय से पुलिस चौकी प्रभारी सिरसी थाना हजरत नगर गढ़ी, इसके अलावा उपनिरीक्षक महेशस बाबू, महेश कुमार, रवि गौतम, रविन्द्र सिंह,हाकिम शर्मा, कल्यान सिंह, श्रीराज,वीरपाल सिंह, सुधीर कुमार को भी स्थानांरित कर विभिन्न प्रकोष्ठ और चौकी का प्रभार दिया है।

# अतिक्रमण हटाओ टीम को देख दुकानदारों ने गिराए शटर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर मजिस्टेट व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मुख्य बाजार मे पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया। साथ ही कुछ दुकानदारों को स्वंय अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी गई और कुछ दुकानदारों पर जुर्माने की कार्यवाही भी की। इस दौरान दुकानदारों ने अपनी शटरों को भी बंद किया।

मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार तथा नगर पालिका परिषद सम्भल के अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी नगर पालिका की टीम के साथ नगर के मुख्य बाजार तहसील रोड, टण्डन तिराहा, कोतवाली के आसपास आदि स्थानो से सड़क पर लगे सामान को हटवाया और नाली पार अपनी दुकान की हद मे सामान को रखने और अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। कुछ लोगों पर जुर्माना भी लगाया गया। कोतवाली के सामने एक लाईन मे बनी दुकानों को लेकर दुकानदारों से नाली के उपर से शटर आदि हटाने और नाली पानी दुकान को रखने के लिए हिदायत की गई। गुरू स्वीटस के दाये बाये भी नाली होने की जानकारी करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की यदि नाली है तो वह खोज निकालें। साथ ही आसपास सड़क किनारे लगी दुकानो रखे सामान को भी हटाया।

# कुट्टी मशीन से हाथ कटा

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** मशीन में चारा काटते समय किशोरी का हाथ कट गया। परिजन उसको लेकर गुन्नौर अस्पताल पहुँचे।
मंगलवार को गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव गजाधरपुर निवासी धर्मपाल की पुत्री कुमकुम (17 वर्ष) कुटटी मशीन में पूला लगा रही थी। इसी दौरान उसका हाथ मशीन में चला गया। उसका हाथ कट गया। किशोरी को लहूलुहान हालत में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर से कुमकुम को हायर सेंटर अलीगढ़ मेडिकल रेफर कर दिया।

## एक नज़र इधर भी



बबराला- सरस्वती विद्यालय में लोकनृत्य प्रस्तुत करती छात्रा।

# लोकनृत्य, लोक गायन की दी जानकारी

**बबराला।** कस्बा बबराला सरस्वती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे समर कैंप में शिक्षिका नेहा यादव की देखरेख में छात्राओं ने योग एवं पी टी के बाद 'लोकनृत्य और लोकगायन गतिविधि का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने प्रार्थना सभा में छात्राओं को प्रेरक प्रसंग सुनाए। शिक्षिका नेहा यादव ने छात्रओं को लोकनृत्य और लोकगायन गतिविधायों की जानकारी दी। इसके बाद छात्रओं ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया।जिसमें नंदिनी, नंदिनी और अकांक्षा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।'अवसर मंच' पर 'मेरी भारतीय संस्कृति' का आयोजन हुआ, जिसका उद्देश्य भारतीय ग्रंथों को बढ़ावा देना था। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को पहले से ही सूचित किया था कि भारतीय ग्रंथों से 5-5 श्लोक भावार्थ के साथ मंच पर प्रस्तुत करना होगा। जिसमें यतिका ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रओं ने कब्बढी, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो, कैरमबोर्ड, बास्केटबॉल आदि खेल खेलें।

# स्वच्छता को किया जागरूक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन वाहन के साथ जाकर नगरवासियों को गीला/किचन वेस्ट और सूखा कचरे को अलग-अलग करके सफाई मित्र को देने के लिए जागरूक किया गया।
मंगलवार को मिशन सुनहरा कल के कोर्डिनेटर करन सिंह ने नगर में स्वच्छता जागरूकता अभियान

**मिशन सुनहरा कल के तहत चला स्वच्छता जागरूक अभियान**

चलाया।जिसमे गीला -सूखा कचरा अलग-अलग करके सफाई मित्रों को देने के लिए और स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए लोगों प्रेरित किया गया। समिति की महिलाओं को घर व अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखने को प्रेरित किया। पालीथिन का प्रयोग न करें।

उन्होंने कहा कि इससे बीमारियो से निजात मिलेगी। घर के गीले कचरे का पिट कंपोस्ट के माध्यम से सही निपटान होता है। प्राकृतिक खाद से बागवानी को बढ़ावा मिलता है। पर्यावरण संरक्षण में इससे सक्रिय योगदान मिलता है। इस दौरान नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# बाल श्रम निषेध दिवस को बनाई कार्य योजना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जस्ट राइट्स एवं प्रयत्न संस्था के तत्वावधान में विश्व बरल श्रम निषेध दिवस को विशेष कार्य योजना बनायी गयी।

प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी लगातार बाल अपराधों को लेकर जिले में काम कर रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में एवं श्रम विभाग एवं थाना ए एच टी प्रभारी सत्यविजय सिंह के सहयोग से बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की पूरे विश्व में बाल श्रम के खात्मे के लिए जागरूकता अभियान के रूप में रैली गोष्ठी आदि करके मनाया जाता है।

# अन्नपूर्णा प्रेरणा कैंटीन पर मिलेगा सस्ता भोजन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को आर्थिक सशक्त बनाने के लिए डीएम के प्रयास से कलक्ट्रेट परिसर में माँ अन्नपूर्णा प्रेरणा कैंटीन खोला गया।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने कैंटीन का फीता काट कर एवं हवन करते हुए नारियल फोड़ कर कैंटीन का शुभारम्भ किया। इस दौरान डीएम ने निर्देशित करते कहा कि कैंटीन के अन्तर्गत शुद्व भोजन मिले तथा प्लास्टिक का प्रयोग न हो वह प्रतिबंधित रहे। माँ अन्नपूर्णा प्रेरणा कैंटीन के अन्तर्गत कलक्ट्रेट परिसर में आने वाले गरीबी रेखा से नीचे आने वाले लोगों को सस्ती दरों पर शुद्व एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उपायुक्त एन आर एल एम ज्ञान सिंह, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग राम गोपाल बंसल आदि मौजूद रहे।




बबराला- भानु आई केयर पर गोष्ठी को सम्बोधित करते चिकित्सक।

# नेत्रदान सबसे बड़ा दान

**बबराला।** नगर में भानु मेमोरियल आई चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नेत्रदान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें नेत्रदान को प्रेरित किया गया।मंगलवार को भानु आई सेंटर बबराला पर नेत्रदान दिवस पर हुई गोष्ठी में डाक्टरों ने नेत्रदान को महादान बताते हुए लोगों को मरणोपरांत उनको दान करने को प्रेरित किया। डा. कैलाश वार्ष्णेय ने कहा कि जब तक जीवन है तब तक रक्तदान करो। इससे कोई परेशानी नहीं होती।जीवन में नेत्रों का महत्वपूर्ण स्थान है।इनके बिना सब सूना है।डा. राहुल यादव ने कहा जीवन में हमें सबकुछ देखने के लिए नेत्रों की आवश्यकता होती है।नेत्रों का दान महादान है।मरणोपरांत नेत्रें का दान करना चाहिए।जिससे किसी दूसरे को आपकी आँखों से दुनिया देखने का अवसर मिल सकेगा।इस दौरान डा. कैलाश वाष्णेय, डा. राहुल यादव,डा. एनपी सिंह ,डा. रिजवान, डा. प्रदीप, अनिल, योगेन्द्र,रंजीत,भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# किसानों के साथ फसलों को लेकर चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले के चिन्हित क्षेत्रों में किसानों को वैज्ञानिकों के साथ 135 ग्राम पंचायतों में विचार-विर्मश कार्यक्रम आयोजित किय जायेंगे। जिसके तहत प्रगतिशील किसान संयुक्त टीम बनाकर किसानों के साथ फसल और उर्वरक पर चर्चा की जायेगी।

जनपद में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत क्षेत्रें में किसानों की वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श करने को के 135 ग्राम पंचायातों को चिन्हित किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहा है, जिसमें, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, केन्द्रीय/राज्य कृषि विश्वविद्यालय, कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा प्रगतिशील किसान संयुक्त टीम बनाकर किसानों के साथ मृदा, फसल, उर्वरक, बीमारियों, दलहन, तिलहन मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग आदि पर चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही पशुपालन विभाग से सम्बन्धित समस्त योजनाओं की जानकारी भी साझा की जायेगी।
इसी के तहत जनपद के 09 ग्राम रजवाना, पीरबहादुर, मिठनपुर, अकबरपुर, कूबरी भूड़, कन्हुआ, पतेई नासीपुर, डुप्टा खुर्द पटी एवं बसन्तपुर में आयोजन हुआ। डक्क अनुज भटनागर द्वारा, आलू वैज्ञानिक, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम मेरठ द्वारा भाग लिया गया। श्री भटनागर द्वारा कृषकों क मध्य आलू का अधिक उत्पादन कैसे किया जाये की विस्तृत जानकारी दी गई। केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम मेरठ के डा.. योगेश कुमार गुप्ता, द्वारा जैविक खेती बारे में कृषकों के मध्य विस्तृत चर्चा की। कृषि विज्ञान केन्द्र, सम्भल के प्रभारी डा. महावीर सिंह ने धान फसल के बारे में कृषकों के मध्य जानकारी साझा की। डा.. अरविन्द कुमार ने गन्ना फसल कृषकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नामित नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग कर ख्रषकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी कृषकों को साझा की गई। अन्त में श्री अरूण कुमार त्रिपाठी, उप ख्रषि निदेशक ने कृषि विभाग में चलायी जा रही योजनाओं की ख्रषकों को विस्तृत जानकारी देते हुये सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि आगामी तिथियों में स्वयं से सम्बन्धित की विकास खण्ड की ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 में पहुँचकर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं नोडल अधिकारियों से ख्रषि विभाग की योजनाओं एवं ख्रषि सम्बन्धी तकनीकी जानकारी का लाभ उठायें।

# राहगीरों को शरबत वितरित कर सूखे गले कराए तर

**सम्भल।** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए राहगीरों को शरबत का वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जिला सचिव सईद अख्तर इस्राईली ने अपने साथियों के साथ भीषड़ गर्मी से राहत दिलाने के लिए राहगीरों को शर्बत बांटा। शर्बत पीकर लोगो ने भीषड़ गर्मी में राहत की सांस ली। ऐसेलोगो का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। सड़ले सुनसान पड़ी है। पारा आसमान पर चढ़ रहा है। गर्मी लगातार बढ़ रही है।



सम्भल- कलेक्ट्रेट परिसर में अन्नापूर्णा कैंटीन का शुभारंभ करते डीएम।

# नगर भ्रमण पालकी यात्रा आमंत्रण का विमोचन

**सम्भल।** श्री महाकाल सरकार की अगामी नगर भ्रमण पालकी यात्रा एवं संर्कीतन 24 जुलाई को होने को लेकर आमन्त्रण कार्ड का विमोचन किया गया। मन्दिर गौरी सहाय सम्भल से अपने निर्धारित रूट पर नगर भ्रमण पालकी यात्रा एवं सर्कोतन के आमन्त्रण कार्डका विमोचन को मन्दिर गौरी सहाय में किया गया। साथ ही त्रयोदशी तिथि होने के उपलक्ष में सिद्वेश्वर दयाशंकर महादेव गौरी सहाय मन्दिर का अलौकिक श्रंगार शिवा कश्यप द्वारा किया गया। उसके उपरान्त आरती की गयी और प्रसाद वितरण हुआ। महाकाल सरकार के अलौकिक श्रंगार एवं आमन्त्रण कार्ड के दर्शन कर सभी श्रृद्वालुगण भावविभोर हो उठे। आमंत्रण कार्ड का विमोचन महंत बाल योगी दीनानाथ द्वारा सम्पन्न हुआ। साथ ही कमेटी अध्यक्ष निशीकांत तिवारी एवं शिवा कश्यप, दीपांशु कश्यप, शिवांश शर्मा, हर्षित गुप्ता, आशीष गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, शुभम रस्तौगी, आशीष गुप्ता अभिनव कश्यप, निधि शर्मा, संजय गुप्ता पोली, मोन्टी शर्मा, अनुज शर्मा, केशव कश्यप, हर्ष कश्यप, हर्षित तोमर, पवन कश्यप, आकाश कश्यप और राहुल कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति की प्राचीन दिव्य गर्भ संस्कार कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत तीन दिवसीय दिव्य गर्भ संस्कार विज्ञान कार्यशाला' का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया, आकांक्षा समिति अध्यक्षा डॉ. उशा राजेन्द्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, आकाक्षां समिति उपाध्यक्ष मृदुला भटट, निधि पटेल डिप्टी कलक्टर, सुश्री शुभि गुप्ता डिप्टी कलैक्टर, चन्द्रभूषण जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कार्याशाला मे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपराओं को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ते हुए एक अनूठी 'दिव्य गर्भसंस्कार कार्यशाला' का आयोजन जनपद मे प्रथम बार हो रहा है। यह कार्यशाला दिनांक 10, 11 व 12 जून 2025 को प्रातः 09 बजे से सांय 05 बजे तक सम्पन्न होगा। यह कार्यशाला गर्भवती महिलाओं, होने वाले माता-पिता और परिवारों को गर्भावस्था के दौरान आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ संतान के लिए प्राचीन वैदिक ज्ञान से परिचित कराएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत गतवर्ष महिलाओ एवं बालिकाओं को आत्म रक्षा के गुण, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, महिलाओ एवं बालिकाओ द्वारा किसी भी क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित, नवजात कन्याओं की माताओ को बैबी किट आदि का वितरण, योजना सम्बन्धिकॉफी मग, टीशर्ट, संस्कृतिक कार्यक्रम आदि कराये गये थे।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में नवचार के रूप मे यह कार्यशाला जनपद में की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि दिव्य गर्भसंस्कार विज्ञान एक ग्रन्थ है, जिसकी लेखिका डॉ. उषा राजेन्द्र पैंसिया है। दिव्य गर्भसंस्कार विज्ञान पुस्तक की लेखिका डॉ. उषा राजेन्द्र पैंसिया को उत्तर प्रदेश साहित्य एकेडमी द्वारा एक लाख रूपये भगवति चरण वर्मा का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

जिलाधिकारी ने उपस्थिति सभी लोगों से कहा कि तीन दिवसीय कार्यशाला मे आप सभी समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षक के रूप मे मनोज कुमार बुब, पुणे, महाराष्ट्र एवं इनकी टीम को ध्यान पूर्वक सुनते हुए, इनके द्वारा प्रदान किये गये प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ ग्रहण करे जिससे इस कार्यशाला का उददेश्य पूर्ण हो सके।आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो/कर्मचारियों को विषेश रूप से इस कार्यषाला मे बुलाया गया है ताकि वह प्रशिक्षण प्राप्त कर एक प्रषिक्षक के रूप मे जनपद की अन्य गर्भवती महिलाओं को गर्भसंस्कार सम्बन्धि प्रशिक्षण प्रदान करेगे। कार्यशाला मे जो भी बाते बतायी जाये उन्हें ध्यान पूर्वक सुनते हुए उन्हे अपने जीवन मे उतारने का प्रयास करना होगा। कार्यशाला मे प्रशिक्षको द्वारा गर्भसंस्कार का विज्ञान, नौ संस्कारो मे से तीन सस्कार कला सृजन, क्रीडा संस्कार, अन्न संस्कार, मंगलम संस्कार पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए इन्हे बताया गया। कार्यशाला मे संगीता भार्गव, ममता राजपूत, डा. प्रीति यादव, डा. रैना शर्मा, रचना यादव, नीता रानी, श्रीमती विनोद वाला, अर्चना अग्रवाल, लक्ष्मीना, राज कुमारी, बबीता रानी, पूजा सिंह, साक्षी सिंह, मधु यादव, आकाश, जितेन्द्र, नीरज, अभिषेक, त्रिमल, भगवानदास एवं चालीस गर्भवती महिलाये आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू बीआरएसएस से जुड़ने का किया आह्वान

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा मंगलवार को ग्राम भारतल में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कामेन्द्र चौधरी ने किसानो की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण पर जोर दिया। साथ ही संगठन से जुड़कर संगठन को मजबूती देने का आहवान किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक निर्माण परियोजनाओं की प्रगति सम्बंधित बैठक आयोजित

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक की निर्माण परियोजनाओं की प्रगति सम्बन्धित मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायीं संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण परियोजनाओं में लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राजकीय इंटर कालेज मुरादाबाद, राजकीय इंटर कालेज पाकबाडा इत्यादि के निर्माण के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को शेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारी को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बनने वाली सड़कों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों की मार्किंग एवं कम्प्रेसर कार्य सही से हो, इसको सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही बैठक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा में प्रशास. निक भवन व बालिका छात्रावास निर्माण संबंधी, राजकीय महाविद्यालय कांठ के निर्माण संबंधी, राजकीय पॉलीटेक्निक ठाकुरद्वारा के निर्माण संबंधी, मूढ़ापाण्डे के आईटीआई निर्माण संबंधी, थाना बिलारी में प्रशास. निक भवन निर्माण संबंधी, अटल आवासीय विद्यालय पिपली के निर्माण प्रगति संबंधी, इसके साथ ही बैठक में



जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता को सड़कों की मरम्मत एवं चौड़ीकरण पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मो0 परवेज सहित सिंचाई, नगर निगम, कृषि विभाग के संबंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायीं संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## डीडीओ की जांच में हुआ खुलासा, काम हुआ नहीं और हड़प लिए चार लाख

**कांठ।** छजलैट क्षेत्र के - ग्राम सुलतानपुर फलेंदा में अधिकारियों ने बगैर काम कराए चार - लाख का भुगतान करा लिया। - डीडीओ की जांच में यह घपला - सामने आने पर सीडीओ ने तत्कालीन बीडीओ सहित चार अधिकारियों को नोटिस जारी किया है।डीडीओ जीबी पाठक ने बताया कि छजलैट के क्षेत्र पंचायत में ग्राम सुलतानापुर फलेंदा में चार लाख का घोटाला जांच में पकड़ा गया। जांच करने के बाद उन्होंने रिपोर्ट सीडीओ को सौंपी। बताया कि करीब छह माह पहले अधिकारियों ने यह कारनामा किया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने तत्कालीन बीडीओ गिरीश पंत, प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी योगेंद्र सिंह, तत्कालीन अवर अभियंता गुलाम मुस्तफा और संजय चौधरी को दूसरी बार नोटिस जारी किया है।

# टिमिट की भाग्यशाली छात्रा का एजीजे डाटा इन्फोटेक कंपनी ने किया चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबदा।द** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट की एमबीए 2025 पासआउट छात्रा सुरभि जैन ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सुरभि का चयन प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजी और डेटा सर्विस कंपनी एजीजे डाटा इन्फोटेक, नई दिल्ली में एचआर एग्जीक्यूटिव पद के लिए हुआ है। इस चयन प्रक्रिया में तीन प्रमुख चरण शामिल थे - स्क्रीनिंग राउंड, ग्रुप डिस्कशन और व्यक्तिगत साक्षात्कार। सुरभि ने अपनी दक्षता, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद शैली के दम पर कंपनी के चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। एजीजे डाटा इन्फोटेक एक उभरती हुई डेटा और आईटी सॉल्यूशन कंपनी है, जो भारत में अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों को ह्यूमन रिसोर्स एवं



सुरभि जैन

टेक्नोलॉजी सेवाएं प्रदान कर रही है। एचआर एग्जीक्यूटिव पद पर सुरभि की नियुक्ति, टिमिट कॉलेज की इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग और छात्र विकास कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने सुरभि जैन को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, उनका यह चयन टिमिट की प्लेसमेंट प्रक्रिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाता है।" सुरभि की यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। सुरभि जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और टिमिट कॉलेज को दिया। उन्होंने कहा, "कॉलेज ने न केवल हमें शिक्षा दी बल्कि हमें उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया, जिससे हमें यह अवसर प्राप्त हुआ।

# बिना ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना असंभव: वीसी

● तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर 200 पौधे रोपण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि बिना भोजन और पानी के तो हम कुछ दिनों तक जीवित रह सकते हैं, लेकिन बिना हवा और ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। प्रो. जैन टीएमयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कैंपस में नीम, पीपल, गुलमोहर, शीशम, अशोक, सिरिस, आम, पिलखन, अमलतास, गाम्हर, अर्जुन, सिल्वर ओक आदि के पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर



डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. निशीथ मिश्रा, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बोले, हम प्रौद्योगिकी के इतने आदी हो गए हैं कि पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की अनदेखी कर देते हैं। यदि हमें स्वस्थ जीवन जीना है, तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। इस अवसर पर डॉ. रत्नेश जैन, श्री दीपक मलिक, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, शिवांकी रानी और एनएसएस छात्र स्वयंसेवक उपस्थित रहे। दूसरी ओर तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस पर डिपार्टमेंट ऑफ ओरल सर्जरी की ओर से हुई निबंध प्रतियोगिता में बीडीएस फोर्थ ईयर की तीसा जैन विजेता रहीं। स्टुडेंट्स उत्सव बेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण हटाओ रही। इससे पूर्व डेंटल की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, प्रधानाचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, उप प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता जैन ने डेंटल कॉलेज परिसर में ब्लैक वालनट के पौधे रोपित करते हुए कहा, प्लास्टिक हमारे लिए एक गंभीर खतरा है। डेंटल स्टुडेंट्स ने रंगोली बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रंगोली बनाने में उमंग जैन, वैष्णवी आदि की भी भूमिका रही। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. डीएस गुप्ता, डॉ. हरितमा निगम, डॉ. विकास सिंह, डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. अभिनय अग्रवाल के संग-संग एमडीएस के छात्र-छात्राएं डॉ. प्रभात, डॉ. अर्घ्य, डॉ. अनुष्का, डॉ. यूपिका, बीडीएस के स्टुडेंट्स- शुभम पांडे आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** बढ़ती गर्मी और लू से परेशान राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गांव वासी ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया इसी क्रम में आज मंगलवार को कुंदरकी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैतपुर पट्टी के सामने आगरा नेशनल हाइवे पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया इस कार्य में मुख्य रूप से सभी ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

इस मौके पर ग्राम पंचायत जैतपुर पट्टी निवासी समाजसेवी फुरकान अंसारी बब्लू पटेल शाहिद अंसारी नासिर दीवान जी नूर मुहम्मद प्रधान जी आमिर डीलर रिंकू एम सज्जद हुसैन इमरान अंसारी शाहनाबाज पटेल वसीम अंसारी जुबेर अंसारी इकरार अंसारी जानें आलम अफजाल हुसैन एवम सारे ग्राम वासी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्रा.लि. ने किया टिमिट के छात्र का शानदार पैकेज पर चयन

**मुरादाबाद।** टिमिट में फाईनल ईयर के बीबीए विद्यार्थियों के लिये देश की बहुप्रतिष्ठित इंश्योरेंस कम्पनी पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कम्पनी की ओर से सीनियर एचआर मैनेजर व टीम ने कम्पनी व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी वर्चुअल प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। बीबीए जैसे पाठ्यक्रमों में आपने जो मेहनत की है, उसका परिणाम आज आपके सफल करियर के रूप में सामने है। आपकी नौकरी लगने की खबर न केवल आपके लिए बल्कि पूरे टिमिट परिवार के लिए गर्व का विषय है। हम आशा करते हैं कि आप अपने नए करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे। टिमिट परिवार की ओर से आपको ढेरों शुभकामनाएं और भविष्य के लिए हार्दिक बधाई।इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने चयन प्रक्रिया में शामिल कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने चयनित छात्र को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा अपने छात्रों को उद्योग की मांगों के अनुसार प्रशिक्षित करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने संस्थान का नाम रोशन करें।



नमन जैन

### 21 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**कुंदरकी।** 21 दिवसीय समर कैंप का समापन धूमधाम के साथ किया गया। समर कैम्प में बनाई गई सभी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश सिंह ने समर कैम्प सम्मान व समापन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं रिमशा, फिजा रानी, गुलनिशा, निशा को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

समर कैम्प की संपूर्ण अवधि में सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े रुचि पूर्ण व उत्साह के साथ गतिविधियों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कनिष्ठ लिपिक सुरजीत सिंह तथा संजीव का सहयोग रहा।



### नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शांति व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसआई के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गो से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की हैं।मंगलवार को एसएसआई ब्रजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, कानून एवं तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत को लेकर नगर में कोतवाली चौराहा , बुधबाजार , पुरानी घास मंडी बाजार गंज कदीर तिराहा, चलचित्र रोड, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की इस दौरान फ्लैग मार्च में ,विपिन कुमार,बलराम दीक्षित, ,उपनिरीक्षक विजय देशवाल उपनिषद ललित कुमार सुरेश चंद्र गौतम मनीष चौधरी कॉस्टेबल सन्नी कुमार, मनीष कुमार, राजू कुमार,योगेश कुमार ,मोनीष राठी गौरव कुमार, परविंदर कुमार, रजत बालियान, गोपाल शिवम धामा आदि मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत गतौरा में बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गतौरा में लंबे समय से बिजली की अनियमित आपूर्ति और विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए गांव के पूर्व प्रधान एवं बीटीसी सदस्य सतपाल सिंह ने दलपतपुर बिजलीघर के एसडीओ को एक ज्ञापन सौंपा है।

पूर्व प्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि गांव में बिजली की कटौती अब आम बात हो चुकी है। खासकर गर्मी के इस मौसम में घंटों बिजली न रहने से बूढ़े, बीमार और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली की इस समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, ज्ञापन के माध्यम से एसडीओ से मांग की गई है कि गांव में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुधारा जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह समस्या केवल गतौरा गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि मूंढापांडे क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों में भी ग्रामीण इसी तरह की परेशानी झेल रहे हैं,ग्रामीणों ने चेता. वनी दी है कि अगर जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

अब देखना यह होगा कि बिजली विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिलती है या नही ,इस मौके पर मौजूद रहे अमित कुमार, कपिल शर्मा, तौफीक, नैपाल सिंह, शाने आलम, विनेश कुमार, थर्मपाल, ताहिर मलिक, लईक अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## सट्टे की खाईबाड़ी करते पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार। नगर के मोहल्ला मुण्डों वाली कलोनी से आगे स्कूल के खंडर में सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी जिसमे कोतवाली पुलिस द्वारा एक को गिरफ्तार किया है।

वही तालाशी में उंसके पास से सट्टे की पर्ची 600 रुपये पेन आदि बरामद किया गया है। वही पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फईम पुत्र जहूर निवासी मोहल्ला जाटवान वार्ड नं 2 बताया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। वही आरोपी पूर्व में भी सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए जेल भेजा जा चुका है।

# ठिएबंदी के उपरांत बोई फसल को पलटने के आरोप में किसानों की शिकायत पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महदूद कलमी निवासी मुख्तियार आदि का कहना है कि जैबुलनिशा मौजा महदूद कलमी तहसील काठ के गाटा स 311. रकबा 0.523 है गाटा स 333 रकबा 0.460 व गाटा स0 320 रकबा 0.2000 है व गाटा स0 321ख रकबा 0.053 है भूमि की सक्रमणीय भूमिधर मालिक काबिज व दाखिल है उसने अपनी उपरोक्त भूमि की ठिएबन्दी करायी थी उपजिलाधिकारी काठ के बाद संख्या टी2024135 40600520 में पारित आदेश द्वारा उक्त ठियेबन्दी के अनुपालन में भूमि की पैमाईश कर कब्जा कराया गया किन्तु विपक्षीगण द्वारा उक्त ठिये उखाड दिये गए उपजिलाधिकारी द्वारा पुन पैमाईश कर ठीए लगवाए गए तो पीड़िता ने उक्त भूमि पर बाजरे की फसल बोयी, किन्तु 31.05.2025 को अलीदाद खा पुत्र साबिर, इरफान पुत्र इसरार व शाहजहा पत्नी इसरार निवासीगण महदूद कलमी ने अपनी हेकड़ी व दबंगई के बल पर बोयी फसल को पलट दिया जिससे उसे असीम हानि हुई। पीड़िता ने इनसे इस बाबत पूछा तो इन्होने गन्दी गन्दी गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तुझसे जो हो कर लेना ज्यादा करेगा तो बलात्कार के झूठे मुकदमें में फसाकर जेल भिजवा देंगें। जिसके सम्बध में पीड़ितों ने थाना काठ पर शिकायत की, लेकिन कोई सुनवायी नही हुयी, दरोगा जी ने कहा ठिएबन्दी गलत हुई है इसे दोबारा कराओ अंत में निराश होकर पीड़ित किसानों ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी से गुहार लगाई उनके आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# आईएफटीएम में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय बरेली की ओर से भविष्य निधि के सम्बन्ध में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय बरेली द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को बरेली के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी श्री अनिल कुमार के नेतृत्व में भविष्य निधि के सम्बन्ध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को विश्वविद्यालय की ओर से हर सम्भव सहयोग प्राप्त होने का सहर्ष आश्वासन दिया। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत करते हुए कहा कि भविष्य निधि सभी कर्मचारियों के लिए लाइफ लाइन की तरह होती है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय यह निधि कर्मचारियों के बहुत काम आती है। इस दौरान मुरादाबाद के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त -द्वितीय श्री मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि भविष्य निधि खाता सबसे सुरक्षित खाता है। किसी भी तरह का साइबर क्राइम होने की स्थिति में भी कुछ धनराशि भी निकाली जा सकती है, जब तक कि लाभार्थी कर्मचारी अपने मोबाइल पर आए ओ. टी.पी. को शेयर न करे, तो इस साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी सदस्य अपना ई-नॉमिनेशन फाइल करके केवाईसी भी शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने



भविष्य निधि के प्रति सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रवर्तन अधिकारी विजय कुमार सिन्हा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, आईएफटीएम विश्व विद्यालय से उप कुलसचिव- एस्टेब्लिशमेंट अतुल मिश्रा एवं उप कुल सचिव- एकाउन्ट्स डॉ. हितेश अग्रवाल की विशेष भूमिका रही। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला में जेहरा बी का हुआ सम्मान

**ठाकुरद्वारा** एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित संगठन सृजन कार्यशाला में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने चुनिंदा जिलाध्यक्षों को चुनावी टिप्स दिए। इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश से चार चयनित जिलाध्यक्षों में जेहरा बी भी शामिल थीं। महिला कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने पर जोर कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय और अलका लांबा ने महिला कांग्रेस इकाइयों को और अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए।

वही पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वसीम अहमद ने बताया कि महिला कांग्रेस अपने संगठन को मुख्य संघर्ष में शामिल रखने का मन बना चुकी है।

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी मेरा एक चेक जिसका नंबर-257080 वास्तव में कहीं खो गया है। जिसकी सूचना थाना कटघर पर दी जा चुकी है, किसी के भी द्वारा उक्त चेक नंबर-257080 का उपयोग अवैध होगा। राशिद हुसैन पुत्र जमील अहमद निवासी पीतल नगरी मुरादाबाद, **प्रतिष्ठान:-** एक्सटेंशन इंटरनेशनल लिमिटेड पीतल बस्ती, जिला मुरादाबाद।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसान शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलिज सहसपुरी जिला मुरादाबाद की जोत भूमि की नीलामी विद्यालय प्रांगण में प्रबंध समिति के समक्ष दिनांक 20.06.2025 को प्रात: 9 बजे से दोपहर (अपराहन) 01 बजे तक समिति की देख-रेख में एक वर्ष अथवा दो वर्ष के लिए ठेके पर नीलामी में दी जायेगी। कृषि आराजी गाटा सं. 188/1, 188/2 रकबा 1.96 एकड़ स्थित ग्राम ईसापुर भूड़ व गाटा सं. 218 रकबा 2 एकड़ व गाटा सं. 500 रकबा 1.02 एकड़ स्थित **ग्राम राजपूर मिलक तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।**

**प्रधानाचार्य** धर्मेन्द्र सिंह — **प्रबन्धक** सुमन देवी

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या MC-15-ROH-MB-25 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 07.07.2025 को 15:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू | टेंडर सं० | MC-15-ROH-MB-25 |
| कार्य का नाम | "Repair of Wagons during Routine Overhauling at ROH Depot Moradabad for the period of two years". | | |
| निविदा टाइप | खुली | बिडिंग स्टाइल | टू पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनाँक एवं समय | | 07.07.2025 15:00 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | 2,75,77,790.92/- रुपये | ऑफर की वैधता | 90 दिन |

**No.:- MC-15-ROH-MB-25 Dated : 09.06.2025** 1712/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र **अशरफ हुसैन** पुत्र कल्लन **व पुत्रवधू श्रीमति शहनाज** पत्नी अशरफ हुसैन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। कल्लन पुत्र नन्हें व श्रीमती नाजमा बेगम पत्नी कल्लन निवासीगण मौहल्ला ठाकुरान, कस्बा व थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र **मौ० ज़रयाब** पुत्र मोहम्मद इदरीस को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में **मौ० ज़रयाब** के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मोहम्मद इदरीस पुत्र रईस अहमद व श्रीमती बेबी जहां पत्नी मोहम्मद इदरीस निवासीगण आजाद नगर गुलफाम मस्जिद के पास जयन्तीपुर सर-सय्यद नगर थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 74-W/2/3/WA/Publication — दिनांक : 09.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / ।। मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 54-DRM-MB-25-26 Date 09.06.2025 | 55-DRM-MB-25-26 Date 09.06.2025 | 56-DRM-MB-25-26 Date 09.06.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | General annual repair works of residential buildings etc. from km 1081 to 1186 From AMG (excl.) to KUF (incl.) including wood work & road work etc. for year 2025-26 in the section of SSE/W/HRI under ADEN/I/HRI. | General annual repair works of service buildings, platforms, stations etc. from km 1081 to 1186 from AMG (excl.) TO KUF (incl.) wood work etc for 2025-26 in the section of SSE/W/HRI under ADEN/I/HRI | General annual repair works of service building and staff quarter from BLM (Incl.)-SPC (Excl.)-ON (Excl.) including wood and Road etc. for 2025-26 in the section of SSE(W)BLM under ADEN/II/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 03.07.2025 16:00 | 03.07.2025 16:00 | 03.07.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 79,87,269.18 | 59,25,170.26 | 89,66,544.06 |
| धरोहर राशि | 1,59,800.00 | 1,18,500.00 | 1,79,300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 19.06.2025 | 19.06.2025 | 19.06.2025 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 12 माह |

1709/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शिव मंदिर बच्चा बाग में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ इससे पहले नई सड़क से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा जय कारों के साथ निकाली गई जिसमें शकुन मिश्रा सपना मिश्रा चारू शर्मा शिवांगी कौशिक ललित शर्मा प्रीति शर्मा गुड्डी शर्मा आदि अनेक महिलाएं अपने सिर पर ब्रह्मांड रूपी कलश धारण कर चल रही थीं कथा स्थल पर पहुंचकर सभी कलश व्यास पीठ के निकट प्रतिष्ठित कर दिए गए।

कथा प्रसंग की चर्चा करते हुए चंदौसी से पधारे कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि भागवत कथा दुर्लभ है जो भगवान ने ब्रह्मा जी को सुनाई ब्रह्मा जी ने नारद जी को नारद जी ने वेद व्यास जी को वेदव्यास जी ने शुकदेव जी को और शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सुनाई जिसे सुनकर वह ब्रह्मलीन हुए। कथा व्यास ने सुनाया कि हमारे पूर्वजों के पुण्य, पूर्वजों का आशीर्वाद और हमारे पुण्य के अलावा परमात्मा की जब विशेष कृपा होती है तभी कथा कराने का संकल्प मन में आता है। श्री कृष्ण की कथा सुनने से सभी बढ़ाएं मिट जाती हैन। कथा सुनने का लाभ तभी है घर जाकर मनन करें फिर अपने व्यवहार में उतारें इससे हमारा जीवन निश्चित ही सुंदर हो जाएगा।

कहा कि रामराज में दैहिक,दैविक भौतिक ताप नहीं थे। जितना हम इन तापों का अधिक अनुभव करते हैं यह उतने ही हमें अधिक महसूस होते हैं। ज्ञानी व्यक्ति दुख का अनुभव नहीं करते हैं वह यह जानते हैं यह हमारे कर्म का फल है और परमात्मा की कृपा है इसलिए दुख में परमात्मा का भी स्मरण कर लेते हैं जबकि सुख में व्यक्ति परमात्मा को भूल जाता है सत्संग और अच्छी संगत का बड़ा महत्व है यह मनुष्य के जीवन को ऊंचा उठा देते हैं जबकि बुरी संगत पतन कर देती है।

व्यास जी ने आगे कहा कि तुलसी पर जल अर्पित करने से पहले छिड़ककर स्नान कराना चाहिए इससे अनेक लाभ मिलते हैं यमलोक नहीं जाना पड़ता मुक्ति निश्चित है। यजमान के रूप में अखिलेश कुमार मिश्रा शकुन मिश्रा, चकित मिश्रा रहे। कथा सुनने को भीड़ उमड़ी।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अनधिकृत रूप से हो रहे निर्माण कार्यों एवं अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा सघन प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, आई.ए.एस. के निर्देशन में आज दिनांक 10.06.2025 को प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा दो अलग-अलग स्थलों पर बड़ी कार्यवाहियाँ अमल में लाई गईं। प्रवर्तन कार्यवाही संख्या-1 वाद संख्या: 981/2023 स्थान: गुलाब बाग, मऊ फाटक के पास, जोन-01, सबजा. न-03 स्वामी: मौ0 सरफराज स्थिति का विवरण: बिना प्राधिकरण स्वीकृति के लगभग 15 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई थी। प्रवर्तन दस्ते द्वारा मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन के उपरांत नियमानुसार पूरी 15 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रवर्तन कार्यवाही संख्या-2 वाद संख्या: 98/2025-26 स्थान: रामपुर रोड के निकट, काशीपुर रोड बस अड्डा के बराबर स्वामी: श्री संकेत तोमर स्थिति का विवरण: बिना प्राधिकरण स्वीकृति के 250 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध निर्माण किया गया था। प्रवर्तन दस्ते द्वारा मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन करते हुए अवैध निर्माण को नियमानुसार सील कर दिया गया। सख्त चेतावनी एवं जनहित में अपील मुरादाबाद विकास प्राधिकरण पुन: सख्त चेतावनी देता है कि कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत स्वीकृति के किसी प्रकार की भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग अथवा निर्माण कार्य न करें। अन्यथा, प्राधिकरण द्वारा सीलिंग, ध्वस्तीकरण एवं विधिक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से अमल में लाई



जाएगी। जनहित में अपील: सभी नागरिक नगर विकास के नियमों का पालन करें एवं अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्राधिकरण को दें। डक। का प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

## भीषण गर्मी से राहत के लिए युवाओं ने पिलाया ठंडा शरबत

**ठाकुरद्वारा।** नगर भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए युवाओं के द्वारा तिकोनिया पार्क पर राहगीरों को शरबत पिलाकर गर्मी राहत पहुंचाई। मंगलवार को नगर भीषण गर्मी से राहत के लिए तिकोनिया पार्क के निकट चौक पोस्ट पर शरबत का वितरण किया गया। तपती गर्मी को देखते हुए तेज धूप और गर्म हवा ने लोगो को घरों में कैद कर दिया है। वही राहगीरों का कहना है कि प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कोई समाज सेवा नही है। वही मौके पर मौजूद लोगो ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए हम सब ने मीठे पानी का निशुल्क प्याऊ का इंतजाम किया है। इस दौरान सभासद नईम ,बबलू, दानिश , सलीम, फैजान, सनिब, फिरोज, अनीस, साहिब, सलमान आदि मौजूद रहे।

# अंत्योदय राशन कार्डों की जांच में अधिकारियों की 'खुली पोल' 1063 निकले अपात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** अंत्योदय राशन कार्डो को बनाने में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। मंडलायुक्त ने पांच जिलों में एक ब्लाक के एक गांव की सैंपल जांच करवाई तो जांच में एक चौथाई से ज्यादा कार्डधारक अपात्र मिले।

मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखा है। मंडलायुक्त ने इस जांच के लिए 50 ग्राम पंचायत चयनित करके अधिकारियों की टीम बनाई। टीम ने इन चयनित ग्राम पंचायतों के 95 उचित दर विक्रेताओं की दुकानों से समबद्ध अंत्योदय राशन कार्ड धारकों का सत्यापन किया। मुरादाबाद, अमरोहा संभल, रामपुर और बिजनौर में सभी टीमों नेजांच में चौकाने वाली रिपोर्ट दी। मंडल में कुल 4343 राशन कार्डों में 1063 राशन कार्ड धारक अपात्रता की श्रेणी मेंराष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम पांच जिलों में प्रत्येक ब्लाक से एक गांव चुना गया, 4343 राशन कार्ड में एक हजार से ज्यादा अपात्र निकले।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया कि यह आंकड़े हैरत भरे हैं। सभी जिलाधिकारियों को उन्होंने जांच रिपोर्ट के साथ पत्र जारी कर दिए हैं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा है। रिपोर्ट के अनुसार संभल में 842, रामपुर में 1273, अमरोहा में 733, मुरादाबाद में 10-43 एवं बिजनौर में 452 अन्त्योदय राशनकार्डों की जांच की गयी।

कुल मिला कर 4343 अन्त्योदय राशनकार्डों की जांच में संभल में 307, रामपुर में 232, अमरोहा में 120, मुरादाबाद में 249 एवं बिजनौर में 185 कुल 1063 अन्त्योदय कार्डधारक अपात्रता की श्रेणी में पाये गये। यह सभी अपात्र पाए गए राशन काडों को पात्रता सूची से हटाया जाएगा। इसके साथ ही कार्ड जारी करनेके लिए उत्तरदायी अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

# उप्र रोडवेज कर्मचारी संघ की मासिक बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र की समस्त क्षेत्रीय प्रबंधन समिति एवं समस्त शाखाओं के अध्यक्ष/मंत्री की मासिक बैठक संघ के क्षेत्रीय कार्यालय पुराना बस स्टेशन मुरादाबाद पर आहूत की गई। उक्त मासिक बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं समस्त शाखाओं के पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे, मासिक बैठक में प्रमुख रूप से निम्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। डग्गामार वाहनों पर प्रभावी रोक लगाने हेतु एक दिन निर्धारित कर आरटीओ ऑफिस कार्यालय मुरादाबाद पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाए सडिपो




के संचालन प्रतिफल बढ़ाने हेतु समस्त स्टॉपेज से यात्रियों को बैठाया एवं उतारा जाए स मुरादाबाद क्षेत्र में नवनियुक्त कार्मिकों को संघ का सदस्य बनाया जाए सकर्मचारियों की समस्याओं को समस्त शाखा एवं क्षेत्रीय स्तर पर निराकरण कराया जाए सअनुबंधित बसों का बस स्टेशनों पर रात्रि में ठहराव बंद कराया जाए। बैठक में अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय मंत्री के द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारी को प्रेरित किया तथा चंद्रभान सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष मुरादाबाद क्षेत्र के द्वारा समस्त कर्मचारियों की उपरोक्त समस्याओं को निराकरण कराने हेतु पूरे सदन का आश्वस्त किया स उक्त मासिक बैठक में प्रमुख रूप से सत्यवीर सिंह, रामेश्वर लाल भारती, राजीव वर्मा, तेजपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, कर्णवीर सिंह, जगतपाल सिंह, संजीव कुमार, निपेंद्र शर्मा, चंद्रक. श, रविन्द्र सिंह, सौरव शर्मा, अतुल कुमार, भूरी सिंह, विक्रम सिंह, विजयपाल सिंह, नवीन गुप्ता, भरत सिंह, राहुल यादव, अंशुल वर्मा, श्री तपराज सिंह, लोकेंद्र कुमार, राजवीर सिंह, धीरेंद्र सिंह, कुमारी मीनाक्षी यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## वैशाली में लगवाई गई हाई मास्क लाइट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वार्ड 72 सेक्टर 1 वैशाली गुरुद्वारे रेनबो पब्लिक स्कूल सेक्टर कामना के पास पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों हाई मास्क लाइट लगाई गई। इसका शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा विमला भट्ट द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया।

लाइट न होने की वजह से असामाजिक तत्व का आना जाना रहता था रात को लोग यहां से निकलते भी कम थे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटियार शिक्षाविद किरण राणा केपी सिंह प्रमोद सेंगर बिजी सिंह प्रहलाद सिंह श्याम सुंदर एसपी सिंह राजीव पाल देव सिंह सजवान आशीष गोयल रामेश्वर शंकर सिंह दुष्यंत गौतम पवित्रा विमला चौधरी मिथिलेश शर्मा अनीता रेशमा सजवान नीलम नेगी सुमन अग्रवाल रेनू नेगी दीपा भाटिया बसंती लीला देवी सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर

### घर में सो रहे टीवी मैकेनिक को सांप ने डंसा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्वारऊ गांव में रात में घर में सो रहे टीवी मैकेनिक हुकमचंद 43 को सांप ने डंस लिया। उसके घर में सांप के कांटे का इलाज होता है इसलिए घर के लोग सांप की तलाश में जुड़ गए और खुद ही उसका उपचार करना शुरू कर दिया बताते हैं कि सांप तो हाथ नहीं आया लेकिन हुकुमचंद की जान नहीं बचाई जा सकी। वह कमरे में सोया था कि छत की कड़ियों में से अचानक एक सांप उसके ऊपर गिरा और उसने काट लिया। तकलीफ हुई तो वह घबराकर उठा।

सांप को जते हुए देख लिया। घर वालों ने सांप की तलाश शुरू कर दी उसके परिजन सांप के काटे का इलाज भी करते हैं तो घर में ही इलाज करने लगे परंतु सुधार नहीं हुआ। और उसकी मौत हो गई परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। वह नगर में एक टीवी की दुकान पर काम करता था। घर में पत्नी अंशु के अलावा ग्यारह साल की बेटी पलक, आठ साल की वैष्णवी और पांच साल का बेटा युग बेहाल है।

### राजकीय इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप का हुआ समापन

**मुरादाबाद।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मूंढापांडे में चल रहे समर कैंप का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।समापन दिवस के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बलबीर सिंह द्वारा की गई। विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय ने छात्रों को योग एवं व्यायाम से प्रशिक्षित किया। समर कैंप में आज की गतिविधि में विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने समर कैंप से छात्रों के बौद्धिक विकास, स्वास्थ्य, आदि में लाभ




के विषय में बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को समर कैंप प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में सुनील कुमार, ज्योति कुमारी, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सरोजिनी नायडू कंपोजिट विद्यालय में समरकैंप का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सरोजिनी नायडू कंपोजिट विद्यालय चंदौसी में आयोजित समरकैंप समापन का मंगलवार को समापन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने बच्ची की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि आज की यह नई पीढ़ी अद्भुत ऊर्जा व प्रतिभा से परिपूर्ण है, ऐसे शिविरों के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। समरकैंप में विद्यार्थियों ने योग, लोकनृत्य, संगीत, चित्रकला, क्राफ्ट, पब्लिक स्पीकिंग आदि गतिविधियों में भाग लेकर अपने बहुआयामी व्यक्तित्व को उजागर किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि विद्यालय केवल इमारत नहीं संस्कारों के प्रयोगशाला है। हर बच्चा विशेष है यदि उसे अवसर मिले तो वह भी चमत्कार कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावकगण तथा स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## कंपोजिट विद्यालय इग्राह कंपोजिट में सम्पन्न हुआ समर कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के विकास खण्ड डिलारी के उच्च प्राथमिक विद्यालय इग्राह कंपोजिट में समर कैंप का विधिवत समापन किया गया। उ.प्र.शासन के निर्देश अनुसार समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंपोजिट विद्यालय ( कक्षा 6 से 8 ) में 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया । समर कैंप के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम, पेंटिंग, मेहंदी , चार्ट,पोस्टर, कहानी, अनेक खेल गति विधि रुचिपूर्ण ढंग से सिखाई गई।

समर कैंप के आज अंतिम दिन कैंप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा कैंप प्रभारी शिखा रानी एवं शवाना परवीन के सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# हादसे को दावत दे रहे बिजली के लटकते तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में विद्युत तारों से ग्रामीणों के वांशिदों का खतरा है। इस पर लोगों ने एकजुट होकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नीचे लटके और जर्जर तारों को ऊंचा कर वाए जाने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमलापुरी खालसा गांव में 11000 वोल्ट की बिजली लाइन के तार इतने नीचे आ चुके हैं कि किसान अपनी फसल ट्रॉली में भरकर नहीं निकाल सकते हैं। किसान पाकेश चौहान ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्हें फसल बोने से डर लगता है कि कहीं कोई हादसा ना हो जाए। पाकेश चौहान ने कहा कि वे खेत में जुताई करते समय भी काफी डरते हैं कि कहीं कोई हादसा ना हो जाए। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। तारों को टाइट नहीं किया गया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। 11000 वोल्ट की लाइन की जरा सी चिंगारी भरे हुए खेत खलिहान को कुछ ही देर में राख बना सकती है। किसान ने मांग की है कि तारों को टाइट किया जाए ताकि उनकी जमीन से ऊंचाई अधिक हो जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि



बिजली विभाग कोई उचित कार्रवाई नहीं करता है तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे और प्रदेश स्तर पर भी इसकी शिकायत की जाएगी।

## किसानों के साथ फसलों को लेकर चर्चा

**सम्भल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले के चिन्हित क्षेत्रों में किसानों को वैज्ञानिकों के साथ 135 ग्राम पंचायतों में विचार-विर्मश कार्यक्रम आयोजित किय जायेंगे। जिसके तहत प्रगतिशील किसान संयुक्त टीम बनाकर किसानों के साथ फसल और उर्वरक पर चर्चा की जायेगी। जनपद में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत क्षेत्रें में किसानों की वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श करने को के 135 ग्राम पंचायातों को चिन्हित किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहा है, जिसमें, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, केन्द्रीय/राज्य कृषि विश्वविद्यालय, कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा प्रगतिशील किसान संयुक्त टीम बनाकर किसानों के साथ मृदा, फसल, उर्वरक, बीमारियों, दलहन, तिलहन मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग आदि पर चर्चा की जायेगी। इसके साथ ही पशुपालन विभाग से सम्बन्धित समस्त योजनाओं की जानकारी भी साझा की जायेगी।

## भगतपुर क्षेत्र में लाखों की चोरी से दहशत का माहौल

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर बहेड़ी में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों का मॉल लेकर फरार हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर में बीती रात ताहिर पुत्र वहीद का परिवार घर के आंगन में व कुछ छत पर सो रहा था इसी दौरान बताया जाता है रात्रि में किसी समय अज्ञात चोर दीवार के सहारे घर में घुस गए और घर में रखी सेफ अलमारी उठा कर ले गये तथा घर कुछ दूरी पर जाकर अलमारी तोड़कर उसमें रखा लगभग सात तोला सोना व चांदी एवं पचास हजार रूपये निकाल कर ले गये ग्रह स्वामी सुबह जब नमाज के समय उठा तो चोरी का आभास हुआ तो परिजनो ने अलमारी गायब देखी तो उनके होश उड़ गये और चीख पुकार मच गयी जिससे ग्रामीण इकट्ठा होती हो गए।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद**
**तारीख पेशी:** 15.07.2025
**उत्तरा० वाद सं०:** 131 सन् 25
**शर्मेन्द्र सिंह बनाम रविन्द्र सिंह आदि।**
शर्मेन्द्र सिंह ( आयु लगभग 30 वर्ष ) पुत्र स्व. परम सिंह निवासी ग्राम गुरैठा, पाकबड़ा, तहसील व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. रवीन्द्र सिंह ( आयु लगभग 28 वर्ष ) पुत्र स्व. परम सिंह निवासी ग्राम गुरैठा, पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद,
2. जनता आम ग्राम-गुरैठा, पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद-विपक्षीगण
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा शर्मेन्द्र सिंह हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा शर्मेन्द्र सिंह मुसबफा परम सिंह अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.2,00,000/-हरगाह मुसम्मा शर्मेन्द्र सिंह ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 15 मास 07 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**
हमने अपने छोटे भाई मुशाहिद पुत्र अख्तर अली व भाभी श्रीमती रूबीना पत्नी मुशाहिद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **अशरफ अली व अकबर अली पुत्रगण अख्तर अली निवासी गण रामपुर दोराहा थाना कटघर, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**
मैंने अपने पुत्र **जुबैर** पुत्र भोलू व पुत्रवधू **श्रीमति शिफा** पत्नी जुबैर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **भोलू पुत्र सिकंदर नि. ग्राम बैटला थाना हजरत नगर गढ़ी, जनपद सम्भल।**

**खोया-पाया सूचना**
**आम जनता को सूचित करता हूं कि** मोहददशा खातून पत्नी मो. शमीम ने अपने मकान स्थित ग्राम जयंतीपुर (टीला कालोनी) तहसील व जिला मुरादाबाद को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है जिससे संबंधित एक मूल विक्रय पत्र दिनांक 31/12/2008 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 6601 पेज 173/188 क्रमांक 16248 जो अब्दुल हन्नान पुत्र अब्दुल मन्नान ने अजीज जहां पत्नी मोहम्मद तय्यब के पक्ष में निष्पादित किया था वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। राजीव चौधरी एडवोकेट विधिक सलाहकार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी चैंबर नम्बर 88/सी कचहरी परिसर मुरादाबाद।
**मोबाइल नंबर**-921953872

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**
हमने अपने छोटे भाई मुशाहिद पुत्र अख्तर अली व भाभी श्रीमती रूबीना पत्नी मुशाहिद को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **श्रीमती सायरा पत्नी शरीफ अहमद** निवासी ग्राम बेलवाड़ा, पोस्ट मानपुर, थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद, व **श्रीमती जायदा पत्नी आबिद** नि. कुलीपुर उर्फ नंगला पोस्ट सरकड़ा खास, तह.व जिला मुरादाबाद।

# वैश्य एकता मंच ने की गोसेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वैश्य एकता मंच द्वारा नगर के बहेड़े वाले परिसर में गौसेवा कार्यक्रम किया गया। जिसमें मंच के पदाधिकारियों और संरक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल गौमाताओं की सेवा नहीं अपितु समाज में दया, करुणा, संस्कृति और सनातन मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। इस अवसर पर गायों को हरा चारा, स्वच्छ जल और पोषक आहार अर्पित किया गया तथा उनकी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा गया। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। साथ ही युवाओं में सेवा, समर्पण और नैतिक चेतना का विकास होता है। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने न केवल सेवा भाव से कार्य किया,



बल्कि समाज में सांस्कृतिक जागरूकता फैलाने के प्रति भी प्रतिबद्धता दिखाई। इस दौरान अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, प्रवीण गुप्ता एड., आकाश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, ब्रज. शचंद्र वार्ष्णेय, हेमंत वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, मन्नु गुप्ता, प्रथम वार्ष्णेय आदि का सहयोग रहा।

## घर से कंप्यूटर कोर्स को निकली छात्रा गायब, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतारन गांव निवासी दीपू पत्नी सोमपाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी रागिनी शर्मा 8 जून की सुबह 7:30 बजे घर से राजा का सहसपुर मील पर कंप्यूटर कोर्स सीखने के लिए गई थी बताया कि शाम तक वह घर नहीं लौटी पूरा दिन रिश्तेदारों और जान पहचान की जगह पर ढूंढने की कोशिश की परंतु उसकी पुत्री का कहीं भी कोई पता नहीं चल सका है वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रेस क्लब में उप मुख्यमंत्री समेत श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

# लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का भव्य भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद/लखनऊ।** लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा आयोजित ज्येष्ठ माह के पां. चवे मंगलवार को यूपी प्रेस क्लब में आयोजित भंडारे में बजरंगबली भगवान एवं श्री राम पूजन के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्रेस क्लब में भंडारा प्रसाद वितरण एवं भंडारे के कार्यक्रम में यूपी विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, राक. श सचान, दयाशंकर सिंह, दिनेश प्रताप सिंह एवं राज्य मंत्री मनक. श्वर शरण सिंह, दानिश आजाद, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी प्रमुख सचिव , मुख्यमंत्री गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे , पीसीएस संघ के संरक्षक बाबा हरदेव सिंह, राज. कुमार शर्मा विशेष सचिव ऊर्जा, सुनील कुमार वर्मा निदेशक रेशम, रविंद्र सिंह विशेष सचिव कृषि,अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी , मौजूद रहे । कार्यक्रम में सूचना आयुक्त राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, पीके



द्विवेदी, दिलीप अग्निहोत्री सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौधरी , श्रीमती जूही सिंह, सोनू यादव , अरविंद सिंह गोप , राष्ट्रीय लोक दल के अनिल दुबे , रोहित अग्रवाल, मनोज सिंह , राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह, कांग्रेस पार्टी के अंशु अवस्थी , अमरनाथ अग्रवाल, ओंकार सिंह, वीरेंद्र मदान सहित राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी पत्रकारों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आगंतुकों का स्वागत यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह , यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी , महामंत्री देवराज सिंह , लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष शिव शरण सिंह व महामंत्री विश्वदेव राव ने किया। प्रसाद वितरण दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक चला।

## डब्ल्यूटीसी के फाइनल में रोमांचक होगी

# दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत

### दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि



लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

# आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल महेन्द्र सिंह धोनी



**ये उपलब्धि पाने वाले 11वें भारतीय बने, सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए बोले-मेरे लिए गर्व की बात**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, ष17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच, ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं।

वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ष्आईसीसी हाल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। आईसीसी की ओर से हाल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं।

पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है। आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत वनडे वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में टी-20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और राबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हाल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

जय शाह ने कहा, ष्इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तेम्बा बावुमा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी है। यहां मीडिया के समक्ष एकादश के चयन को लेकर बावुमा ने कहा है कि मुल्डर काफी युवा हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मुल्डर के साथ खेलने, उन्हें देखने और पिछले दो वर्षों में लाल गेंद के प्रारूप में उनके प्रदर्शन को देखकर मुझे लगता है कि उनका एकादश में होना टीम के लिए मजबूती प्रदान करेगा। यह उनके आत्मविश्वास को बढायेगा, उसका समर्थन करते रहने और उसे वह करने देने के बारे में है जो वह सबसे अच्छा करता है। दबाव की स्थिति में खेलना उसके पास मौका है।

उन्होंने कहा कि केशव महाराज एकमात्र पूर्णकालिक स्पिनर हैं। वह इस गेंदबाजी लाइन-अप में लुंगी एनगिडी के साथ कैगिसो रबाडा, मार्को जेनसन भी शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार फॉर्म में रहे डेन पैटरसन (पैटो) भी एकादश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लुंगी का रिकॉर्ड भी बेहतर है वह पैटो से कुछ भी कम नहीं है। उसके पास अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

### ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को लॉर्ड्स में बुधवार से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी। यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मीडिया के समक्ष अपनी एकादश की घोषणा की। टीम में पूर्व नंबर वन रैंक वाले टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के साथ उस्मान ख्वाजा सलामी जोड़ी के रूप में मैदान में उतरेंगी। गेंदबाजी में जॉश हेजलवुड को बाएं हाथ के गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कलमस के साथ एकादश में जगह दी गयी है। वहीं ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। ब्यू वेबस्टर ने एकादश में अपना स्थान बरकरार रखा है उसे मध्यम गति गेंदबाज के रूप में और स्पिनर के विकल्प के तौर पर टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

# हॉकी इंडिया ने जर्मनी में चार देशों कें टूर्नामेंट के लिए जूनियर पुरुष टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जर्मनी की मेजबानी में 21 से 25 जून तक होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। बर्लिन में होने इस टूर्नामेंट में भारत, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान जर्मनी की टीमें शामिल है। प्रत्येक टीम एक राउंड-रॉबिन पूल चरण में एक दूसरे के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमों की फाइनल में भिड़ंत होंगी तथा तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा। यह टूर्नामेंट इस वर्ष के आखिर में चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप 2025 से पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी मंच के रूप में काम करेगा। भारतीय टीम की अगुवाई तेजतर्रार फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल करेंगे। टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी अनुभवी डिफेंडर आमिर अली पर होगी। गोलकीपिंग विभाग की कमान बिक्रमजीत सिंह और विवेक लाकड़ा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में, आमिर अली के साथ तालिम प्रियोबर्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पी बी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह और सुखविंदर शामिल हैं। मिडफील्ड में, अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, रोहित कुल्लू, थोकचोम किंग्सन सिंह, थौनाओजम इंगलेंबा लुवांग, अद्रोहित एक्का और जीतपाल है।

# टेस्ट डेब्यू के लिए तैयार अर्शदीप सिंह

**■ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे, जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके आएगा निखार**

**केंट, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट पहुंच गए हैं। उन्होंने यहीं काउंटी क्रिकेट खेला था। अब वह टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। बता दें कि, इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम पहुंच चुकी है।

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। 26 वर्षीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा- आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। आगे हम और बेहतर होते जायेंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने आगे कहा कि गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फार्म में भी है।

हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। इस दौरान अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम**

**शुभमन गिल** (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### पीएम ने खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है।

# तनुष कोटियान-अंशुल काम्बोज के नाबाद अर्द्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन, वार्ता।** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाए जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिए और तुषार देशपांडे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेढी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुये। रेढी और ठाकुर को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। इंडिया ए ने 92 ओवर में सात विकेट पर 417 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। तनुष कोटियान (90) और अंशुल काम्बोज (51) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जॉर्ज हिल ने तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स और एडवर्ड जैक को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले इंडिया ने पहली पारी में 348 रन और इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 327 रन बनाए थे।

### राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ हादसे पर दुख जताया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को मिली खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल का खिताबी सूखा समाप्त किया था और पहली बार इस टूर्नामेंट को जीता था। आईपीएल टीम राजस्थान रायल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एक चौनल से कहा, यह काफी निराशाजनक है।

# निकोलस पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**त्रिनिदाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों को अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और अच्छे पलों का बेजोड़ जुनून के साथ जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और साथियों को, मेरे साथ इस सफ़र पर चलने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इस सब से ऊपर उठाया। भले ही मेरे करियर का यह अंतर्राष्ट्रीय अध्याय बंद हो गया हो, लेकिन वेस्टइंडीज़ क्रिकेट के लिए मेरा

**■ कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है, जिसे मैं हमेशा दिल के करीब रखूंगा**

प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम की सफलता के अलावा कुछ नहीं चाहता। पूरन ने 167 बार वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें एकदिवसीय मैचों में 99-15 की स्ट्राइक रेट से 39-66 की औसत से 1983 रन बनाए और 136-39 की स्ट्राइक रेट से 2275 टी20 रन बनाए, जो वेस्टइंडीज के किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। पूरन ने 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में अंतर्राष्ट्रीय टी-20 पर्दापण किया था, इसके ठीक तीन साल बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में शुरुआत की थी। वर्ष 2018 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज क्रिकेट विश्व कप 2019 टीम में शामिल किया गया। उन्हें वर्ष 2022 में वेस्टइंडीज का सफेद गेंद कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उसी साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्वकप में विंडीज के लचर प्रदर्शन के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी।

# अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने को तैयारः हरमनप्रीत

### टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है



**एम्स्टर्डम, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय लीग की शुरुआत में नीदरलैंड से मिली हार को भूलकार अर्जेंटीना के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आगामी मैचों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैचों में आने वाली चुनौतियों से वाकिफ हैं। टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता। हरमनप्रीत ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और लीड-अप में विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों को आजमाया है। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, लेकिन हम किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वे परिणाम अतीत की बात हैं। हमें विश्वकप क्वालीफिकेशन के लिए वर्तमान में अच्छे प्रदर्शन करने की जरुरत है। टीम कड़ा अभ्यास कर रही है और कोचिंग स्टाफ हमें बहुत प्रोत्साहित कर रहा है। मुझे भरोसा है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़त में अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच खेला गया रोमांचक ड्रॉ रहा था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया। भारत को दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी।

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं हैः अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है।

# यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़



**लंदन, वार्ता।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। ऋतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है।

वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। ऋतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41-77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56-15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा कि मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

## एसडीएम विनय मिश्रा ने ध्वस्त कराई अवैध कालोनी

# अवैध कॉलोनी पर चला बुल्डोजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा ने भूमाफियाओं द्वारा काटी गई अवैध कॉलोनियों पर बुल्डोजर चलाना शुरु कर दिया है क्योंकि यह कॉलोनियां बगैर लेआउट पास किये बनायी गयी हैं। उपजिलाधिकारी को सूचना मिली कि चन्दौसी में चारों ओर साठ से अधिक प्लाटिंग करने वालों ने कृषि योग्य भूमि लेकर बगैर नक्शा पास कराये कॉलोनी काटकर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं व सीधे-साधे लोगों को प्लाट बेचकर चलता कर दिया जाता है जबकि कॉलोनी का लेआउट पास करने से पूर्व जल निकासी, हरियाली, सड़क की चौड़ाई 30 फीट होना अनिवार्य है लेकिन कॉलोनी बनाने वाले सीमेंट की सड़कें डालकर मानक अवैध कॉलोनियां बनाई जा रही हैं। कुछ लोगों ने तो विनयमित क्षेत्र में नक्शा भी पास करा लिये हैं जिसकी जांच की जायेगी। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा ने गाटा सं0 899 जो केसोराम व वीरसिंह के नाम, गाटा सं0 900 सरोज कुमार पत्नी वीरसिंह के नाम, गाटा सं0 902 रमेश कुमार, गाटा सं0 997 छत्रपाल व प्रेमपाल आदि, 896 पूरनसिंह, 895 फूल सिंह, 893 यादराम, 894 छत्रपाल, 903 राजाराम आदि के नाम दर्ज हैं। इन सब पर सड़कें डालकर प्लाट की नींव भरी थी, वहीं एक गौशाला भी बनी हुई थी जिसके बारे में भी जानकारी ली गयी। उपजिलाधिकारी ने मौके पर विनयमित क्षेत्र के जेई, क्लर्क रिजवान, लेखपाल व नगरपालिकाकर्मियों को बुलाकर जब जांच की तो पाया कि जो कॉलोनी काटी गई है, उसका लेआउट पास नहीं है व अवैध रुप से बगैर लेआउट पास किये कॉलोनी को काटा गया है। मौके पर बुल्डोजर की सहायता से पूरी कॉलोनी की नींव गिराई गईं तथा निर्माण कार्य को ध्वस्त करने का आदेश उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा किया गया। यहां बताते चलें कि जब से विनय मिश्रा ने चन्दौसी का चार्ज संभाला है, तब से अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही कर रहे हैं।

वहीं उपजिलाधिकारी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि चन्दौसी में पांच दर्जन से अधिक लोगों ने अवैध कॉलोनी बनाने का कार्य कर रखा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। अचानक उपजिलाधिकारी के कड़े तेवर देखकर प्लाट पर कुर्सी डालकर ग्राहकों को पटा रहे लोग भाग खड़े हुए। हालांकि एक मकान जो दो मंजिल बना हुआ था, वह नक्शा लेकर उपजिलाधिकारी से मिला। उसका कहना था कि उसने नक्शा पास कराकर ही मकान निर्माण किया है लेकिन अब सवाल यह उठता है कि जब लेआउट पास नहीं है तो मकान का नक्शा कैसे बन गया। फिलहाल अवैध प्लाटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है।

## शैक्षिक कार्यक्रम का हुआ अयोजन

**मुरादाबाद।** मंगलवार को शासन के निर्देश पर जूनियर हाई स्कूल पाकबड़ा में समर कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप मै छात्रों को गर्मियों की छुट्टियों में व्यस्त रखने और उन्हें कुछ नया सिखाया जाता है इन कैंपों में, छात्र छात्राओं को विभिन्न गति. विधियाँ सीखते हैं, जैसे कि योग, खेल, कला, और व्यायाम, छात्रों को योग और प्राणायाम सिखाना जरूरी है, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके छात्रों को पर्यावरण के बारे में जागरूकता किया जाता है प्रकृति से जुड़ने के लिए गति. विधियाँ प्रदान कराई जाती हैं। समर कैंप का बच्चों ने बहुत ही अच्छे ढंग से आनंद लिया समर कैंप में कुछ बच्चों ने फोटो चित्र बनाकर अपने अध्यापक को प्रस्तुत किया इस समर कैंप मै खंड शिक्षा अधिकारी ने समय-समय पर आकर अधिकारी वेगिश सिंह गोयल ने निरीक्षण किया।

# विश्व हिन्दू परिषद मेरठ क्षेत्र का परिषद वर्ग प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिन्दू परिषद मेरठ क्षेत्र का परिषद वर्ग प्रारंभ हो गया है। जिसमें मेरठ प्रांत ,ब्रज प्रांत और उत्तराखंड प्रांत के कार्यकर्ता सम्मिलित हैं।जो 10 जून से प्रारंभ होकर 20 जून तक कृष्णा बालविद्या मंदिर,मंगूपुरा विद्यालय में होगा।अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विहिव आलोक कुमार ने कहा कि आज धर्मांतरण हमारे देश को अंदर से खोखला करता जा रहा है जो एक चिंतनीय विषय है हिंदू समाज को अनेकों देश एक षड्यंत्र के तहत पर तोड़ने मैं लगी है जिसमें लव जिहाद की घटना मुख्य है लव जिहाद का मुख्य कारण परिवार में अपने धर्म के प्रति ज्ञान का अभाव मुख्य कारण है और इस विषय पर अपनी युवा पीढ़ी को अपने सनातन धर्म का ज्ञान नहीं




होना पहलगाम जैसी घटना एक निंदनीय घटना है जिसमें धर्म के आधार पर गोली मार दी जाती है जो कहते हैं आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता तो धर्म पूछ करके मारना कौन सा आतंकवाद है अब से पहले कितनी घटनाओं में पूर्व की सरकारी सिर्फ यही कहती थी हम कार्यवाही कर रहे हैं किंतु आज की सरकार ने पहलगाम की घटना के बाद कठोर कार्रवाई कर ऑपरेशन सिंदूर करने का निर्णय लिया जो सराहनीय है।क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सोलंकी ने कहा कि ज्येष्ठ की गर्मी में बिना किसी सुख सुविधा के अपने परिवार से दूर रहकर सादा भोजन करना जमीन पर सोना और प्रात: जल्दी उठने से लेकर देर रात्रि तक किसी न किसी प्रशिक्षण में लगे रहना वर्ग का मुख्य कार्य होता है यह 10 दिवसीय वर्ग जिसमें कार्यकर्ता का निर्माण होता है जो अपने राष्ट्र के लिए समर्पित होगा इतने कठिन कार्य क्षेत्र से गुजरने के बाद ऐसे कार्यकर्ता का निर्माण होना ही परिषद शिक्षा का कार्य होता है। इसमें भवानी सेंगर, प्रणीत गुप्ता, अविनाश गुप्ता, बृजेश पाठक, यशपाल सिंह, बहन छाया, डॉ राजकमल गुप्ता, महंत कण पूरी,जितेंद्र चौधरी ,गौरव भटनागर ,योगेशत्यागी ,गौरव कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेज गर्मी में आयुर्वेद के अनुसार स्वस्थ रहने के उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** डॉ. अशुतोष शुक्ल, आयुर्वेद विशेषज्ञ गर्मी का मौसम हर किसी के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय होता है। तेज धूप, बढ़ती गर्मी, और उमस से न केवल शारीरिक असुविधा होती है, बल्कि कई स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। आयुर्वेद, जो प्रकृति के साथ जीवन को संतुलित करने की शिक्षा देता है, इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए बेहद प्रभावी समाधान प्रदान करता है। आयुर्वेद के अनुसार, गर्मियों में पित्त दोष का प्रकोप होता है। पित्त, जो शरीर में गर्मी और ऊर्जा का प्रबंधन करता है, तेज गर्मी के कारण असंतु. लित हो सकता है, जिससे जलन, एसिडिटी, त्वचा की समस्याएं और थकावट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि आयुर्वेद के सरल और प्रभावी उपायों का पालन करके कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है। **आहार में संतुलन लाएं**- गर्मी के मौसम में आहार का हमारे स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव पड़ता है। आयुर्वेद में भोजन को शरीर और मन के लिए औषधि माना गया है। शीतल और तरल पदार्थों का सेवन करें: गर्मियों में शरीर को ठंडक देने वाले तरल पदार्थ बेहद लाभकारी होते हैं। नारियल पानी, बेल का शरबत, खस का शरबत,आम का पना और छाछ जैसे पेय पदार्थ पित्त दोष को शांत करते हैं। ये न केवल शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं, बल्कि पाचन को भी सुधारते हैं। **हल्का और सुपाच्य भोजन खाएं:** ताजा सब्जियां जैसे लौकी, तुरई, और ककड़ी का सेवन करें। इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है और ये शरीर को हाइड्रेट रखते हैं।



तली-भुनी चीजों, मांसाहार, और मसालेदार भोजन से बचें। **फल और अनाज का महत्व:** तरबूज, खरबूजा, और खीरा जैसे फलों का सेवन करें। ये शरीर में तरल संतुलन बनाए रखते हैं। जौ और गेहूं जैसे हल्के अनाज गर्मियों में उपयुक्त होते हैं। **पानी की सही मात्रा और प्रकार**-गर्मी में शरीर का हाइड्रेट रहना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन आयुर्वेद पानी पीने के तरीके पर भी जोर देता है। दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। हर घंटे 1-2 गिलास पानी का सेवन करें। तांबे के बर्तन में रखा पानी सुबह खाली पेट पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ निकलते हैं। मटके का पानी शरीर को प्राकृतिक रूप से ठंडक देता है। विशेष आयुर्वेदिक पेय और आहार गुलाब और खस पित्त दोष को शांत करते हैं। इनके शरबत का सेवन करने से गर्मी से राहत मिलती है। **सुबह जल्दी उठें:** सुबह के समय की ठंडी हवा शरीर को ताजगी प्रदान करती है। सूरज की पहली किरणों के साथ उठने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। दोपहर में बाहर जाने से **बचें:** तेज धूप में बाहर जाने से बचें। अगर आवश्यक हो, तो छतरी, टोपी, और सनग्लास का उपयोग करें। **सूती कपड़े पहनें:** हल्के और ढीले सूती कपड़े शरीर को आरामदायक रखते हैं और पसीने को अवशोषित करते हैं। ये जड़ी-बूटियां तनाव और थकावट को कम करने में सहायक होती हैं। **तुलसी और पुदीना:** तुलसी और पुदीना का पानी या हर्बल सचाय गर्मी में शरीर को ठंडा रखने का अच्छा विकल्प है। गर्मियों में आयुर्वेदिक उपायों को अपनाकर न केवल हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि गर्मी के दुष्प्रभावों से भी बच सकते हैं। यह मौसम केवल चुनौतियां ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक तरीके से स्वास्थ्य को सुधारने का अवसर भी प्रदान करता है। प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाएं और तेज गर्मी को आरामदायक बनाएं।

# मूंढापांडे क्षेत्र में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत मुरादाबाद जनपद के मूंढापांडे क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया गया,टीआई सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल सत्यपाल, होमगार्ड पंकज और होमगार्ड सुनील द्वारा दलपतपुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम ने सड़क पर चल रहे दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान हेलमेट न पहनने वाले बाइक सवारों को रोका गया, वहीं बिना सीट बेल्ट लगाए कार चालकों को भी नियमों के प्रति सतर्क किया गया,अधिकारियों ने वाहन चालकों से संवाद कर उन्हें बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि खुद की और दूसरों की जान की हिफाजत के लिए जरूरी है। विशेष रूप से स्कूली छात्रों और युवाओं को यातायात के सही तौर-तरीकों को समझाया गया और उनसे अपील की गई कि वे स्वयं तो नियमों का पालन करें ही।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे,अंत में, उपस्थित लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

## नगर निगम ने हटाई खानबादोश लोगों की झुग्गी झोपड़ी

**मुरादाबाद।** सन 1980 से मझोलो चौराहा लाइनपार थाना- मझोला क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी डाल कर रह रहे है खानबादोश लोगों को नगर निगम द्वारा हटाया जा रहा है। इसके विरोध में कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते खानाबदोश लोग। तथा नगर निगम अधिकारियों द्वारा आये दिन प्रार्थीगणों को परेशान किया जाता है प्राथर्थीगण मजबूर होकर आपको शरण में आये है तथा पूर्व में भी के समक्ष पेश होकर प्रार्थना-पत्र दे चुके है उसके उपरान्त भी आज तक प्राथर्थीगणो को प्रधानमन्त्री आवास का लाभ नहीं मिला है प्रार्थना है कि प्राथर्थीगणो की आवाज आवास दिलाये जाने की कृपा करे। विमल, अनीता, राहुल व अन्य।

# शनिदेव मंदिर पर बांटा शरबत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** ज्येष्ठ माह के आखिरी बडे मंगलवार पर दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आनंद मोहन गुप्ता (एड.) द्वारा कचहरी परिसर स्थित शनिदेव मंदिर पर शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती श्वेता चौधरी एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनिंदर पाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस मौके पर बार के पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव प्रत्यूष यादव, पुष्प यादव,सुरबेन्द्र पाल,गोपाल द्विवेदी, नदीम अहमद, आशुतोष त्यागी,सुनीत अग्रवाल, सुखविंदर सिंह बंटी विवेक शुक्ला ,अनुभव मल्होत्रा, गौतम चौधरी शाइस्ता परवीन ,रमा पांडे रफीक गोपाल ,यादव हबीब हुसैन ,अनुज दुबे ,विक्की चंदेल ,आसिफ हुसैन, अमरदीप सिंह ,शरीक आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद ने शिविर लगा कर कराया शरबत का वितरण




**कांठ।** देश की प्रमुख सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद शाखा कांठ के द्वारा मंगलवार को लोगों को भीषण गर्मी में राहत देने के लिए शरबत का वितरण किया गयास परिषद के लोगों ने समाज की तन मन धन से सेवा करने का संकल्प लिया स इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, सचिव गौरव बिश्नोई, पंकज कुमार, प्रमोद बिश्नोई,दीपक चौहान, सुरेश चौहान, रजत प्रभाकर, आदि मौजूद रहे।

### राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत



**चन्दौसी।** जून माह की प्रचंड गर्मी में जहां चिलचिलाती धूप और तेज लू ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है, वहीं मानवीयता की मिसाल पेश करते हुए कई समाजसेवी संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर राहत पहुंचाई। गर्मियों के इस भीषण दौर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में सड़कों पर निकलना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस विकट स्थिति को देखते हुए कई जगहों पर स्वयंसेवकों ने सड़क किनारे स्टॉल लगाकर लोगों को मीठा व ठंडा शर्बत वितरित किया। मंगलवार को रही भीषण गर्मी में मौलागढ़ की प्रेमनगर कॉलोनी में स्टाल लगाकर अरविन्द पाल द्वारा सपरिवार राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया गया। अरविन्द ने बताया कि गर्मी में लोगों को ठंडा शर्बत पिलाकर उनकी सेवा हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम हर साल ज्येष्ठ माह में यह प्रयास करते हैं ताकि किसी प्यासे को पानी की कमी न महसूस हो। इस दौरान अरविन्द पाल, रोहित पाल, नवल पाल, अमन पाल, विकास, वीरपाल, कुमकुम, डिंपल, प्रदीप पाल, दीपक आदि का सहयोग रहा।

### मदनपाल होंगे महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय महासचिव

**चन्दौसी।** उ.प्र. महादलित परिसंघ के प्रभारी मदनपाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष बबन रावत की संस्तुति पर महादलित परिसंघ का राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) मनोनित किया जाता है। आशा व्यक्त की गई है कि सभी प्रदेश अध्यक्षों से समन्यव स्थापित कर प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में जिलाध्यक्षों का मनोनयन यथा शीघ्र करायेंगे तथा संगठन विस्तार हेतु कार्य करेंगे।

# सिंचाई विभाग की बैठक में अध्यक्ष ने दिए मानक के अनुसार नहरों में पानी चलाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सिंचाई खंड मुरादाबाद में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें पुराने सभी कार्यों की समीक्षा की गई नलकूप संख्या 69 TG कोटा महमूदपुर में कार्य प्रारंभ हो चुका है नलकूप संख्या 224 AG के पुन: बोरिं. रंग के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू हो चुकी है। फेसियापुरा की सेपिन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। शेरकोट बैराज के पास नहर में शैवाल आ जाने के कारण कालागढ़ डैम की नहरों में पानी की आपूर्ति कम है। 11 जून से डुमरिया डैम की सभी नहरों में पूरा पानी छोड़ दिया जाएगा। किसाने की आवश्यकता अनुसार पानी की सप्लाई की जा रही है। महमूदपुर



रजवाहे को कोकरपुर से गंगा नदी तक बढ़ाने का कार्य धीमी गति से होने के कारण अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र ही यह कार्य पूरा करने का आदेश दिया। किसाने की मांग को देखते हुए रसूलपुर के पुल और नगले की पुलिया के बीच नए पुल का प्रस्ताव पास करके लखनऊ भेज दिया शिवपुरी मुंडापांडे के पुल का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। वर्तमान में पांच नलकूप यांत्रिकी दोष तथा चार नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद हैं जिनमें से सात नलकूप एक सप्ताह के भीतर ठीक करा कर चलने का आदेश दिया। दो नलकूप संख्या 45 सिरसी और 80 संभल की विद्युत लाइन ठप है जिसके नवीनीकरण का आदेश दिया। नलकूप के लिए 10 घंटे , ग्रामीण लाइन के लिए 18 घंटे , नगरीय नलकूपों के लिए 21 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। बीच-बीच में बिजली भागने की शिकायत को अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया और लगातार सप्लाई देने का आदेश पारित किया ताकि किसान अपने खेत की सिंचाई सुचारू ढंग से कर सकें बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने की तथा संचालन नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम ने किया बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई आरपी सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत आशीष कुमार लाल , सहायक अभियंता कुमारी पूजा , सहायक अभियंता श्रीमती श्रद्धा भट्ट नलकूप खंड 2, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार,अमित कुमार, मुकेश कुमार आकिल अली और सौरभ कुमार बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## महाकुंभ के परिप्रेक्ष्य में योग का भव्य आयोजन

**मुरादाबाद।** हिंदू कॉलेज मुरादाबाद में दस दिवसीय योग कार्यक्रम जो आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कराए जा रहे हैं, के अंतर्गत आज दिनांक: 10/06/2025 को योग महाकुंभ के परिप्रेक्ष्य में योग का भव्य आयोजन किया गया। 02 जून से 10 जून तक के लिए हिंदू महाविद्यालय मुरादाबाद के प्राचार्य प्रोफेसर एस० एस० रावत को गुरु जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय मुरादाबाद द्वारा योग महोत्सव के लिए समन्वयक बनाया गया था। इस अवसर पर अर्थशास्त्र की प्रोफेसर प्रियंशा सिंह, योग समिति के प्रभारी और उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० अकरम परवेज के साथ साथ डा० बी० के० तिवारी, डॉ० हरिओम आदि प्राध्यापकों के साथ साथ कोमल, खुशबू, नाजिया, रुकय्या, विवेक, फिरोज, अमित इत्यादि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ समरकैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में 20 दिवसीय समरकैंप का मंगलवार को समापन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समरकैंप समापन समारोह को चार चांद लगा दिए।

छात्र-छात्राओं ने इस मौके पर समरकैंप के दौरान सीखी हुई गति. विधियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानाचार्य के निर्देशन में एवं प्रभारी मोहम्मद नाजिघ्र साहब के मार्गदर्शन में समरकैंप में बहुत कुछ जीवन से जुड़ी बातें सीखने का अवसर प्राप्त हुआ जिसमें योग अभ्यास प्रमुख रहा जिसे साथियों ने बहुत आनंदपूर्वक सीखा साथ ही समरकैंप के दौरान रस्सा कशी, खेलकूद, डांस, मौज-मस्ती, विद्यालय की स्वच्छता



सफाई, प्राथमिक चिकित्सा, पाक कला, चित्रकला, मिट्टी कला, रंगोली बनाना, समरकैंप के दौरान आउटिंग आदि के संबंध में भी सीखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशफाक भारती ने की तथा उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि समर वेकेशन में अक्सर पहले छात्र-छात्राएं अपने नानी के घर जाया करते थे परंतु सरकार ने समरकैंप की व्यवस्था चालू करके नानी के घर जैसी मौज मस्ती विद्यालय में ही उपलब्ध करा दी है। इसमें छात्र-छात्राओं को कुछ नया सीखने के अवसर प्राप्त हुए हैं।

प्रधानाचार्य वसीमउद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून से 21 जून तक प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह मनाया जाता है। इस बार भी शासन के निर्देश हैं कि 15 जून से प्रतिदिन प्रात: 06-07 बजे योग अभ्यास कराए जाएं। इन योग अभ्यास का समापन 21 जून को सामूहिक रूप से किसी चुनी हुई जगह पर किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल जाघ्हिद ने किया। कार्यक्रम में समरकैंप प्रभारी मोहम्मद नाजिघ्र, भावना गुप्ता, राशि त्यागी, कंप्यूटर अनुदेशक जफरुद्दीन, विद्यालय के वरिष्ठ लिपिक कमरुद्दीन, अभिभावकगण विद्यालय का सभी स्टाफ मोहम्मद फैसल, रितिक, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद रहे।

# पूजा अर्चना के बाद श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति: बलराम शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जसपुर मार्ग पर खोकर लाल पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद शुरू कियागया।

मंगलवार को सीतापुर सेआए कथा वाचक बलराम शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर कथा का शुभारंभ किया । जिसमें उन्होंने राजा परीक्षित कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है । साथी उन्होंने कहा कि इस तरह की धर्म कथाओं में सह परिवार छोटे बच्चों को अवश्य लाना चाहिए । ताकि अपने सनातन धर्म का ज्ञान प्राप्त हो सके । धार्मिक कथा सुनने से बच्चों में धार्मिकता की जागृति होती हैऔर इस पर के प्रति आस्था जोड़ती है । शिव मंदिर के महत्व दिनेश गिरी महाराज ने कहा कि वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 जून को शिव मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है । कथा मे विनीत भारद्वाज, रविंद्र कुमार, उदयवीर सिंह, प्रेम सिंह ,बबलू, गुंजन रानी ममता रानी उषा रानी दुलारी पिंकी दिगंबर चौहान सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।



# सम्पादकीय

बुधवार, 11 जून 2025

## कूटनीति कितनी कामयाब

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से विश्व समुदाय अवगत कराने गया ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमे. रिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। शशि थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत अच्छे से हुआ। हमनें उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की। उन लोगों ने समझा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सरकार ने राजनयिक संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन सात प्रतिनिधिमंडलों, जिनमें ज्यादातर सांसद और कुछ पूर्व राजनयिक थे को दी थी, उन्होंने अपनी यात्राएं पूरी कर ली हैं। पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान से इसके तार जुड़े होने से उपजे आक्रोश पर देश का नजरिया, पाकिस्तान के आतंकी बुनियादी ढांचे पर भारतीय हमलों की सटीक प्रकृति और आतंकी हमलों के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए रुख की जानकारी देने के लिए 59 सदस्यों ने 32 देशों का दौरा किया। यह संदेश महज विदेशी सरकारों के लिए नहीं था, बल्कि कानून-निर्माताओं, विदेशी मीडिया और आम जनता के लिए भी था, खासकर उन देशों में जहां नई दिल्ली को यह महसूस हो कि उसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिला है। जिन देशों का दौरा किया गया, उनमें से कई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य हैं और वो देश भी शामिल थे, जो निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं या अगले साल बनेंगे। यह अहम है, क्योंकि भारत को उस वक्त राजनयिक झटके का सामना करना पड़ा जब पाकिस्तान, जो साल 2025-26 के लिए निर्वाचित यूएनएससी सदस्य है, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएप) का जिक्र हटवाने के लिए यूएनएससी के बयान में संशोधन कराने में सफल रहा। टीआरएफ ने ही पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान तालिबान प्रतिबंध कमेटी का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कमेटी का उपाध्यक्ष चुने जाने में सफल रहा। यह इस हमले के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराए जाने का भारत का काम ज्यादा मुश्किल बनाएगा, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामजदगी के जरिये हो या वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में। एक और क्षेत्र जिस पर फोकस किया गया, वह इस्लामी सहयोग संगठन की सदस्य-मंडली है, जो भारत के प्रति विशेष रूप से आलोचनात्मक रही है। यह देखा जाना बाकी है कि राजनीतिक कूटनीति की ये यात्राएं कितनी कामयाब रही हैं। खासकर भारत में इस आलोचना को देखते हुए कि विदेश में वार्ताकारों को प्रभावित करने के बजाय, ज्यादा वक्त भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में और साथ गए भारतीय मीडिया को साक्षात्कार देने में बिताया गया। इन प्रतिनिधिमंडलों को भारतीय नैरेटिव की काट के लिए पाकिस्तान द्वारा उठाए गए नकलची कदम से भी मुकाबला करना पड़ा।

## सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम



पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लाप. रवाही का नतीजा था, हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे, भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनी. तिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए, क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है, पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं, आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या पंथ नहीं होता, आतंकवादियों को सबक सिखाने की जरूरत थी, हम सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं, पाक पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके वापस लेने का एक अच्छा मौका था।

**-ममता बनर्जी**
**मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# विलुप्त नदियों में फिर से बहाव की आस



निश्च्छल प्रेम बसत जिहि हृदय, बिना स्वार्थ सेवारत रहतीं, ज्योति जगातीं संस्कारों की, जगती उसको मां ही कहतीं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां मां के स्वरूप को उद्घाटित करती हैं। मां जीवन -प्रदायिनी होने के साथ-साथ संतति के पालन-पोषण और संस्कारों के बीजारोपण के दायित्वों का सम्यक निर्वहन करती है। जननी के साथ मातृभूमि और नदियों को भी हमने मां कहा है। विचारणीय बिन्दु यह है कि हम नदियों को मां क्यों कहते है? नदियां जल का स्त्रोत है। जल जीवन का आधार है, मानव शरीर में 60 से 70 प्रतिशत जल होता है और जल के बिना मानवजीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि मानव को पीने के साथ ही नित्यकर्मादि हेतु जल की नितांत आवश्यकता होती है। साथ ही जल से पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा प्राण वायु-आक्सीजन उत्पादित करते है। बिना प्राणवायु के मानव धरा पर कुछ मिनटों का मेहमान है जिसको हमने कोरोना काल में अनुभव किया है। इस प्रकार नदियां हमारे लिए जीवनदायिनी है और हम नदियों को मां कहते है। नदियों ने मानवजाति के पालन-पोषण में अग्रिम भूमिका का निर्वहन किया है। अनेक सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है, जिसमें सिंधु घाटी की सभ्यता नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। नगरों और महानगरों के निर्माण मे नदियों का विशेष योगदान है इसीलिए बड़े-बड़े शहर नदियों और समुद्र के किनारे बसे हुए हैं, क्योंकि नदियां मनुष्य की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी 50 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि को सिंचित करने, कृषि-भूमि को उपजाऊ बनाने के साथ पशुपालन में पशुओं को पानी पिलाने, नहलाने व चारा की उपलब्धता में नदियों का विशेष योगदान है।

हिन्दुओं में जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार नदियों के किनारे ही सम्पन्न होते है जैसे मुण्डन संस्कार, मोर सिराना, कन्या विवाह के बाद स्नान, अन्तिम संस्कार में दाह संस्कार, राख व अस्थि विसर्जन और दसवां संस्कार नदियों के तट पर आज भी सम्पन्न होते देखे जाते हैं। इसके साथ ही पूजा -पाठ, यज्ञ-हवन, कथाओं के आयोजन के साथ ही जप, तप, ध्यान के लिए नदियों के घाटों को भारतीय धर्म-शास्त्रों में पुण्य प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन माना गया है क्योंकि ये शोर-शराबे से दूर शांत व सुरम्य वातावरण होते हैं, जो धार्मिक कृत्यों के लिए सर्वदा उपयुक्त हैं इसीलिए हमारे अनेक तीर्थ स्थल जैसे हरिद्वार, बृजघाट, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, काशी आदि पवित्र नदियों के तट पर अवस्थित हैं जो पुजा. रियों -पुरोहितों के अलावा छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, होटल व्यवसायियों आदि अनगिनत लोगों के पालन-पोषण व धनार्जन का आधार है। इसके साथ ही पशु-पक्षी व जलीय जीव-जंतुओं को भोजन की व्यवस्था भी धार्मिक कृत्यों से होती रहती है। नदियां जल संरक्षण का प्राकृतिक रूप से सर्वोत्तम साधन हैं किन्तु आधुनिक समय में स्वार्थपरता, धन लोलुपता व भौतिकता की अंधी दौड़ में मानव जिस डाली पर बैठा है, वह बिना उसके परिणाम को जाने उसी को काट रहा। वह भूल रहा है कि इसका दुष्परिणाम हमारी संतति को किस विकराल रूप में भोगना पड़ेंगे। आज जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन, अवरोधन व अतिक्रमण के परिणामस्वरूप देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है और उन्हें डार्क जोन घोषित किया जा रहा है जो मानवजाति के लिए खतरे की घंटी है। इस विकराल समस्या को समय रहते केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनुभव किया और जल संरक्षण के अन्तर्गत जल की एक-एक बूंद बचानी है की भावना को अंग. ीकार करते हुए हर गांव व नगरों में अमृत सरोवरों के निर्माण को साकार रूप प्रदान किया जा रहा है जिसकी प्रथम पहल भी उत्तर प्रदेश के रामपुर के पटवाई ग्राम से हुई जिसका उल्लेख देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया। नदियां जल का प्रमुख प्रकृतिक स्त्रोत है किन्तु सहायक नदियां जो किसी नदी की झांड़ यानी मुख्य धारा से निकली जलधारा हैं या झरने, तालाब, पोखर से निकली हैं तथा सीमित क्षेत्र में प्रवाहित होकर उस क्षेत्र में नदी के समस्त दायित्वों को पूर्ण करती हैं किन्तु मानव की संकीर्ण भौतिकवादी सोच का शिकार होने के कारण यह सहायक नदियां नाले या नदी चिन्ह के रूप में दृष्टिगोचर हो रही थीं। किन्तु शासन की जल संरक्षण नीति के अन्तर्गत प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी श्रंखला का एक उदाहरण है रामपुर जनपद की मिलक तहसील की नाहल नदी। जहां का मैं मूल निवासी हूं। 25-30 वर्ष पूर्व यह नदी के समस्त दायित्वों का निर्वहन करती थी। यद्यपि यह नदी भी रामपुर की प्रमुख नदी कोसी से निकली एक जलधारा हैं जो स्वार क्षेत्र से होते हुए सदर तहसील के चमरौआ ब्लाक के 5 गांवों में घूमती हुई मिलक क्षेत्र में प्रवेश करती है। स्वार और चमरौआ क्षेत्र में लोग इसे नदी -नाले के नाम से जानते है किन्तु मिलक क्षेत्र में यह नाहल नदी के नाम से विख्यात है। नाहल नाम नाले का अपभ्रंश रूप प्रतीत होता है। नाहल नदी मिलक ब्लाक में गंगापुर कदीम से निस्बी तक 51 किमी की दूरी में प्रवाहित होकर बरेली जनपद के मीरगंज में खंडिया नदी में मिलती है। किन्तु मानवजनित कुचेष्टाओं के कारण यह नदी मिलक नगर में लम्बे समय से नाले के रूप दृष्टिगोचर हो रही थी क्योंकि इसमें मिलक नगर के नालियों और नालों का गंदा पानी ही पहुंचता था, जबकि बचपन में हमने मिलक प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते समय कल-कल करते स्वच्छ जल से युक्त इसके स्वरूप को देखा है। आज शासन की नीति और प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय 51 किमी लम्बी नाहल नदी को पुनर्जीवन मिला है ताकि जलस्त्रोतों को संरक्षित करके जलसंचयन के साथ गिरते भूमिगत जल स्तर को रोका जा सके और पर्यावरण को वृक्षारोपण करके हराभरा बनाने के साथ नदी तटों को कटान से सुरक्षित किया जा सके। इस हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का प्रयास लाघनीय है जिन्होंने जमीनी स्तर पर नदी का स्थलीय निरीक्षण कर विकास, राजस्व, सिंचाई, पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही नदी सम्बद्ध 29 ग्राम पंचायतों के लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर नदी के पुनर्जीवन की उपादेयता को समझाया। साथ ही कार्य में आ रही रुकावटों के निराकरण हेतु गांववासियों से बातचीत की और अतिक्रमणवादियों को चिन्हित कर सख्ती से नदी जमीन खाली करने हेतु आदेशित किया। नाहल नदी पुनर्जीवन में दोनों अधिकारियों ने श्रमिकों के साथ स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और एक सार्थक संदेश दिया। इस नदी के पुनर्जीवन से 29 ग्राम पंचायतों के किसानों को सिंचाई का सरलता से सीधा लाभ मिलेगा। जल बहाव को रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए नदी में जगहों को चिन्हित करके खंदकों का निर्माण किया गया। साथ ही नदी के दोनों ओर पटरी बनाई गई ताकि आवागमन और वृक्षारोपण का कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सके। नदी का खुदाई कार्य मनरेगा द्वारा कराया गया और मनरेगा के कार्डधारक ही काम पर लगाए गए। नदियां चरैवेति-चरैवेति, मिलन, परमार्थ और पवित्रता की स्वत: साक्षात संदेशवाहक हैं। पूजा-पाठ के समय गायन किया जाने वाला पवित्रता- मंत्र -स बाह्याभ्यन्तर: शुचि अर्थात हम बाह्य और आंतरिक रूप से पवित्रता को धारण करें, मानव समाज को संदेश देता है कि हम अपने स्वयं के साथ -साथ अपने चारों ओर व्याप्त पर्यावरण को पवित्र, शुद्ध व स्वच्छ बनाने भी योगदान दें ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भूजल स्तर की गिरावट आदि प्राकृतिक आपदाओं का सामना न करना पड़े।

**-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

# योग की विरासत सहेजने को एक अनूठी वैश्विक पहल

**दरअसल, गिनीज बुक रिकॉर्ड की टीम कई महीने पहले से तैयारी करती है इस तरह के रिकॉर्ड दर्ज करने की। एक पूरा एग्रीमेंट बनाया जाता है। 90 दिन पहले प्रोसेस शुरू होता है। बाकायदा लाइसेंस इश्यू किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्षर योग केंद्र के खाते में इससे पहले नौ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। डेढ़ दशक पहले स्थापित अक्षर योग केंद्र इस समय आयुष योग इंस्टीट्यूशन सार्टिफेकशन बॉडी में शामिल है।**

यह सुखद संयोग ही है कि भारत की सिलकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु से योग की अनूठी धारा दुनिया को हैरत में डालने वाली है। यूं तो बेंगलुरु आईटी हब है, लेकिन यहां आध्यात्मिक ज्ञान व योग की भी वैश्विक ख्याति है। आजकल बेंगलुरु स्थित अक्षर योग केंद्र इन देश-विदेश के हजारों योग साधकों की गहमा-गहमी का केंद्र बना हुआ है। आध्यात्मिक व योग गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इतिहास रचने की तैयारी जारी है। जिसमें अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका व एशिया के हजारों प्रतिभागी 12 गिनीज बुक रिकॉर्ड के ऑफिशियल प्रयास की तैयारी में जुटे हैं। यह आयोजन इस बार 11वें विश्व योग दिवस पर होने जा रहा है। अन्य विधाओं के साथ योग में भी विश्व रिकॉर्ड बनाने की क्या जरूरत है। हिमालय सिद्ध अक्षर कहते हैं कि यह प्रयास हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण के साथ दुनिया को यह बताना है कि इसके असली वारिस हम ही हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार 11वें विश्व योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ घोषित की है। उल्लेखनीय है कि साल 2010 में स्थापित अक्षर योग केंद्र यह आयोजन पहले ताइवान में करने जा रहा था। लेकिन भू-राजनीतिक कारणों की चुनौती के चलते इस आयोजन को बेंगलुरु में ही आयोजित करने का फैसला किया है। बता दें कि अक्षर योग केंद्र के नाम पहले ही योगासनों के नौ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। जिसमें संस्थान के नाम वर्ष 2021 में वशिष्ठासन, 2022 में धनुरासन, वर्ष 2023 में उष्ट्रासन, हलासन तथा 2024 में चक्रासन, नौकासन, कौडिन्यासन, नटराजासन व सूर्य नमस्कार के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं।

**रिकॉर्ड के लिए जुटेंगे देशी-विदेशी साधक**

दरअसल, पिछले डेढ़ महीने से दो हजार युवा योग साधक ट्रेंड हो रहे हैं। इस बार होने वाली प्रतियोगिता में हर रिकॉर्ड भाग लेने वाले साधकों के नंबर दिए जाएंगे। इस बार जहां कुछ रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, वहीं कुछ रिकॉर्ड टूटेंगे। उनकी संख्या में विस्तार किया जाएगा। इस बार की स्पर्धा का रोचक पक्ष यह है कि इसमें सेना व अर्द्ध सैनिक बलों के योग साधक रिकॉर्ड बनाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। इसमें थल सेना, वायु सेना, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ व कर्नाटक पुलिस के युवा साधक शामिल होंगे। इनके हर विभाग के युवा होंगे। इसके अलावा कालेज के छात्र व मल्टीनेशनल कंपनियों के साधक भी शामिल होंगे। साथ ही, अक्षर योग केंद्र के साढ़े तीन सौ विदेशी साधक आएंगे। जिनमें फ्रांस, यूएसए, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, ताइवान, मलेशिया व जापान के योग साधक शामिल हैं। इन साधकों की पिछले दो महीने से ऑनलाइन ट्रेनिंग चल रही है। इन रिकॉर्ड की तार्किकता की पड़ताल के लिए गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से दो सौ इंस्पेक्ट स्टुअर्ड तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के तीन सीनियर ऑफिशियल भी मौजूद रहेंगे। इसमें एक विदेश से तथा दो भारत स्थित ऑफिशियल टीम का हिस्सा होंगे।

**ट्रेनिंग के लिए 70 योग शिक्षकों की टीम**

उल्लेखनीय है कि रिकॉर्ड दर्ज करने से इसकी लंबी प्रक्रिया में पहले आवेदन किया जाता है कि ऐसे रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, इसकी इतनी समय अवधि होगी। फिर टीम पूरे विश्व में जांच करती है कि क्या इससे पहले कोई रिकॉर्ड दर्ज तो नहीं है। समय, संख्या के अलावा बारह से अधिक पैरामीटर निर्धारित हैं। कुछ आसनों में छोटे बच्चे भाग नहीं ले सकते। जैसे बारह साल से कम के बच्चों को सुरक्षा कारणों से हैंड स्टैंड नहीं करने दिया जाता। वहीं अक्षर योग केंद्र की 70 योग शिक्षकों की टीम है, जिनकी मदद के लिए हैल्पर भी नियुक्त किए गए हैं। जो साधकों को योग सिखा रहे हैं। इस आयोजन का एक रोचक पक्ष यह है कि लगभग 50 दिव्यांग बच्चों की दो विशेष टीम भी आयोजन का हिस्सा होंगी। एक भारत से और दूसरी विदेशों से। ये दिव्यांग बच्चे बारह में से छह आसन पूरा करेंगे। ये देख- सुन नहीं सकते। ये बच्चे प्रतियोगिता वाले दिन मेन स्टेज पर प्रदर्शन भी करेंगे।

**80 दिनों तक 12 आसनों का प्रशिक्षण**

इस साल ग्यारहवें विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के हजारों योग साधक हिमालय सिद्ध अक्षर के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहे हैं। इस साल बनने वाले रिकॉर्ड में जो आसन शामिल हैं उनमें भद्रासन, अधोमुख श्वानासन, शलभासन, गरुड़ासन , एक पाद पादांगुष्ठासन, उभय पादांगुष्ठासन, एक पाद राजकपोतासन प्रमुख हैं। वहीं जो पिछले रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है, उनमें सेतुबंध, सर्वांगासन, वीरभद्रासन व उत्कटासन शामिल हैं। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि योग के इस महाकुंभ में करीब साठ देशों के योग साधक भाग लेगें। फिलहाल इसमें अमेरिका, यूरोप व एशियाई देशों के लगभग पांच-पांच सीनियर टीचर मूव करेंगे। ए सीनियर योग शिक्षक हैं। वहीं ट्रेंड योग साधकों की संख्या दो हजार के करीब रहेगी।

**-साभार डीटी**

# अंधविश्वास तथा आडम्बरों के घोर विरोधी थे कबीर दास






**मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है । माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था । संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई । उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया ।**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्एष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे।

उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई।

वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ए संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंग. वाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवत: घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वत: ही हल हो जाती है।

# गोलीबारी से ऑस्ट्रिया के स्कूल में 11 छात्रों की मौत

## हमलावर स्कूल के छात्र ने खुद को भी मारी गोली

**वियना।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। उनमें से चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली लगी है।

पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू कर दिया है और लोगों से कहा गया है कि वे वहां से दूर रहें। ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर शायद उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर जान ले ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिलने की भी सूचना है। ऑस्ट्रिया



के गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की योजना है। हाई स्कूल में घटी इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हर बच्चे को स्कूल में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और उसे भय और हिंसा से मुक्त होकर सीखने में सक्षम होना चाहिए। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और ऑस्ट्रियाई लोगों के साथ हैं।

## कैलिफोर्नियाः पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाईं रबर की गोलियां

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में पुलिस ने शोरगुल वाले ग्रेनेडों के बाद सबसे सक्रिय प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां चलाई है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि इससे पहले सुरक्षा बलों ने फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। बाद में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने सक्रिय प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि हिंसा सात जून को तब भड़की जब लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) सेवा की ओर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी की गई, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इसी बीच प्रांत के लिए संघीय फंड में कटौती की खबरें भी सामने आईं। अगले दिन व्हाइट हाउस ने शहर में दो हजार नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का ऐलान किया। लॉस एंजिल्स काउंटी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग नहीं की थी।



कीव। रूसी ड्रोन हमले के दौरान बम आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे मेट्रो स्टेशन पर आराम करते लोग।

## अमेरिका की राजधानी में सैन्य परेड की तैयारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की राजधानी में सेना के 250वें जन्मदिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 79वें जन्मदिन के सम्मान में शनिवार की सैन्य परेड की तैयारी हो रही है। सीक्रेट सर्विस के वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। अधिकारी के अनुसार 18 मील से अधिक 'एंटी-स्केल फेंसिग' लगाई जाएगी और कई ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा। कोलंबिया का पूरा जिला आम तौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई ज़ोन है। सेना के अधिकारियों ने शाम की सैन्य परेड में लगभग दो लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया है और मैककूल ने कहा कि वह इस समारोह में लाखों लोगों आगमन के लिए तैयार हैं। दिन के समय जन्मदिन समारोह और रात के समय परेड में प्रवेश को नियंत्रित करने वाली सुरक्षा चौकियों पर कुल 175 मैग्नेटोमीटर का उपयोग किया जायेगा।

# गाजा में उग्रवादी संगठन की मदद कर रहा इजरायल

## हमास का मुकाबला करने के लिए हाथयार भी दिए

**गाजा।** इजरायल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फलस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है।

इजरायल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजरायल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी 'पॉपुलर फोर्सेज' को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को 'आतंकवाद को मिटाने वाला' कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों

### नेतन्याहू बोले: इसमें कोई बुराई नहीं

और अपराधियों का नेता मानते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इससे इजरायली सैनिकों की जान बचती है, तो इसमें क्या गलत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू शबाब एक समय छोटे अपराधों में लिप्त था। कुछ साल पहले हमास की पुलिस ने उसे चोरी और ड्रग्स की तस्करी के आरोप में जेल में डाल दिया था। 2023 के अंत में जब इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़ी, तो इजरायली हवाई हमलों की आड़ में वह जेल से फरार हो गया। जेल से भागने के बाद उसने खुद का एक सशस्त्र संगठन पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया खड़ा कर लिया। पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया दक्षिणी गाजा में एक्टिव है। इसमें 100 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लड़ाके फलस्तीनी झंडे और 'काउंटर- टेररिज्म यूनिट' के पैच वाली वर्दी पहनते हैं। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पॉपुलर फोर्सेज इजरायली सेना के नियंत्रण वाले इलाकों में काम कर रही है।

# कैटरीना कैफ बनी मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर

## भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं।

गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं। भारत-मालदीव रिश्तों में खटास के बीच आया यह कोलेबोरेशन यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं। मालदीव नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों ने बढ़ाया था विवाद गौरतलब है कि 2024 की शुरुआत में दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी।

# यमन में 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया गया

**अदन।** यमन के सुरक्षा बलों ने सोमवार को रेड सी तट के बाब अल-मंडब क्षेत्र में मानव तस्करी गिरोह से 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल थीं।

यहां के एक सुरक्षा सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यमन के सरकारी बलों ने तैज प्रांत के धुबाब तटीय जिले में मानव तस्करी नेटवर्क से कई इथियोपियाई प्रवासियों को मुक्त कराया। यह बचाव अभियान बाब अल-मंडब से लेकर प्रांत लाहज के रस अल-अरह तटीय क्षेत्र तक फैले एक व्यापक सुरक्षा ऑपरेशन का हिस्सा था। सूत्रों के अनुसार यमन की पश्चिमी तटरेखा पर अफ्रीकी और यमनी तस्करों के सहयोग से मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय हैं। ये गिरोह नाव से आये अवैध प्रवासियों को अपहरण कर निजी ठिकानों में कैद कर उनका शोषण करते हैं। यमनी न्यूज एजेंसी दो दिसम्बर ने इस सुरक्षा अभियान की पुष्टि करते हुए, इसे मानव तस्करी के खिलाफ जारी मुहिम का हिस्सा बताया। पश्चिमी तटीय सुरक्षा क्षेत्र के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मुजाहिद अल-हजौरा ने कहा कि इस अभियान में धुबाब के विभिन्न हिस्सों में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानों और हिरासत स्थलों को निशाना बनाया गया तथा 123 पुरुषों और 54 महिलाओं को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

# पाक हुआ 76 हजार अरब रुपये का कर्जदार, वित्त मंत्री फिर भी संतुष्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया।

इसमें से 51500 अरब रुपये लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपये देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। पाकिस्तान का वित्तीय वर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है, जिसके लिए



### दो साल में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी

आज शाम पाकिस्तान का बजट पेश होगा। इससे एक दिन पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्तमंत्री ने कहा, 2025 के लिए हमने 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह एक रिकवरी है और स्थाई विकास की दिशा में सही कदम है। अगला वित्तीय वर्ष एक बदलाव की कहानी होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह आईटी सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा। रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून 2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था।

## अमेरिका में व्यापक यात्रा प्रतिबंध लागू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जारी व्यापक यात्रा प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गया, जो ट्रम्प-प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीति के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान आया है। सप्ताहांत में, कैलिफोर्निया में आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लॉस एंजिलेस में प्रदर्शनकारियों की नेशनल गार्ड से झड़प हुई। न्यूयॉर्क सिटी में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्पटॉवर पर कब्जा कर लिया और हाल ही में हिरासत में लिए गए प्रवासियों की रिहाई की मांग की। करीब 20 मिनट की तनातनी के बाद पुलिस ने करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पिछले सप्ताह ट्रम्प ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया।

## मेलबर्न में कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी मेलबर्न में सोमवार देर रात एक कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी गिप्सलैंड क्षेत्र में मंगलवार को मेलबर्न से 300 किलोमीटर पूर्व में ओरबोस्ट शहर में एक कार के पेड़ से टकराने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। इस हादसे में 18 वर्षीय पुरुष चालक और 15 वर्षीय पुरुष यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।




# छात्र बदसलूकी पर अमेरिका ने दी सफाई

## अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं, वैध तरीके से आएं, तो स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में भारतीय छात्र को जमीन पर पटकने, हथकड़ी लगाने और डिपोर्ट करने के मुद्दे पर भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को बयान दिया। दूतावास ने कहा कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा-अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है।

हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं,

### एयरपोर्ट पर छात्र को पटका फिर इंडिया भेजा था

ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। अधिकारियों ने भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटक दिया। छात्र ने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। कुनाल जैन ने कहा था कि बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा था कि पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक्स पर लिखा कि अमेरिका में लगातार भारतीय नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। हर दिन ऐसी खबरें आ रही हैं और नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी सरकार भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। हमारी मांग है कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप प्रशासन से भारतीयों के अपमान को लेकर बात करनी चाहिए।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Bijnors Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)